खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C

मेरठ, सोमवार 2 मार्च 2026 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 271 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 12 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



युद्ध नहीं, शांति की जरूरत, निर्दोषों की हत्या निंदनीय: प्रियंका गांधी पेज 2




विश्व कप में साहिबजादा फरहान ने विराट कोहली को पीछे छोड़ा खेल टाइम्स



न्यूट्रिशनल लेवल देखकर करें खाने-पीने की चीज़ों का इस्तेमाल सम्पादकीय



खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर पेज 12

## अमेरिका-इजरायल ने ईरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता



- हमले में अयातुल्ला की बेटी-दामाद व बहू-पोती भी मारी गई
- ईरान बोला: खतरनाक बदला लेंगे, 40 कमांडर्स भी मारे गए, ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित की गई
- ईरान का बड़ा पलटवार, ड्रोन और मिसाइलों से इजरायल समेत मिडिल -ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया

**इजरायल की** वायुसेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है। उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामेनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे।

इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामेनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी 'तसनीम' और 'फार्स' ने इसकी पुष्टि की। खामेनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है।' इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इजरायल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे। इजरायली सेना आईडीएफ ने तेहरान में हमले का फुटेज जारी किया है। इसमें ईरान के रक्षा मुख्यालय समेत कई सरकारी इमारतों को निशाना बनाया गया था। इजरायल के तेल अवीव में मिसाइल के टकराने से जोरदार विस्फोट हुआ। ईरान की राजधानी तेहरान में सुप्रीम लीडर खामेनेई के घर के पास हमला हुआ। ईरान में इजरायली हमले के बाद कई लोग मलबे में दब -शेष पृष्ठ दो पर



ईरान के हमले के बाद इज़रायल के बेत शेमेश में आपातकालीन प्रतिक्रिया दल घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटा।

### अमेरिका के दूसरे सबसे बड़े विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर ईरान ने दागीं मिसाइलें

**तेहरान।** अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते सैन्य टकराव के बीच ईरान ने बड़ा दावा किया है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने कहा है कि उसने अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाते हुए चार बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं, यदि यह दावा सही साबित होता है, तो दशकों बाद किसी अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर पर सीधा हमला माना जाएगा। आईआरजीसी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 के तहत अमेरिका और इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हमले जारी हैं।

## पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर हमला, 12 लोगों की मौत

- यूएन ऑफिस में आग लगाई, कतर-दुबई में धमाके
- भारत में 350+ फ्लाइट कैंसिल की गई

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध में पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया।

माई कोलाची रोड स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास प्रदर्शन हिंसक रूप ले बैठा और प्रदर्शनकारियों की कानून-व्यवस्था बलों से झड़प हो गई। इजरायल -अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 12 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है।

## हमलों में ईरान के कमांडर-इन-चीफ, सेना के सात अफसरों की भी मौत

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान का सैन्य नेतृत्व तबाह हो चुका है। इजरायली वायुसेना ने ईरान के सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर बम बरसाए, जिसके चलते ईरान को बड़ा नुकसान पहुंचा है। इजरायल सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि हवाई हमलों में ईरानी रक्षा नेतृत्व के सात वरिष्ठ अधिकारी को मार दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को घोषणा की है कि ईरान में किए गए सटीक हवाई हमलों में ईरान के रक्षा मंत्री अजीज नासिरजादेह और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रमुख सहित सात वरिष्ठ ईरानी सैन्य कमांडर मारे गए हैं। आईडीएफ ने इन हमलों को ईरान के सैन्य और रणनीतिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने वाला एक बड़ा संयुक्त अभियान बताया है।

## खामेनेई की मौत पर प्रदर्शनों के बाद यूपी में हाई अलर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो


- लखनऊ, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर व मेरठ में लगातार निगरानी रखने के निर्देश
- लखनऊ में ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से तीन दिवसीय शोक की घोषणा की गई

**लखनऊ।** अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद यूपी में प्रदर्शन शुरू हो गए हैं।

इस बीच अलग-अलग जिलों में हो रहे प्रदर्शन को देखते उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। इजरायल के हमले और खाड़ी क्षेत्र में बने तनावपूर्ण हालात को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि उन जिलों में सतर्कता बढ़ाई गई है, जहां शिया समुदाय की आबादी अधिक है। इनमें लखनऊ, जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर, मुजफ्फरनगर और मेरठ शामिल हैं। पुलिस को लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने रविवार सुबह उच्चस्तरीय बैठक में कानून- व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को अतिरिक्त एहतियात बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद गृह विभाग की ओर से सभी जिलों को अलर्ट जारी किया गया। लखनऊ समेत कई जिलों में हो रहे प्रदर्शनों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि शिया बाहुल्य इलाकों और प्रमुख धार्मिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी गई है और खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों और मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रम के बीच किसी भी तरह माहौल खराब करने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हिंसक प्रदर्शन या अराजक गतिविधियों में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**12वां रोज़ा**

### ईमान के इत्र में मगफिरत की महक है रोज़ा



रमज़ान खुशबुओं का खजाना है। इबादत, परहेजगारी का आस्ताना है। बारहवां रोजा ईमान के इत्र में मगफिरत की महक है। यानी ग्यारहवें रोज़े की फजीलत के बयान में तफसील दी गई है कि अल्लाह से गिड़गिड़ाकर बंदा जब अपने गुनाहों की माफी मांगता है और बुराइयों से बचने के लिए गुजारिश और दुआ करता है, तो यह आखिरत के एकाउंट में मगफिरत की क्रेडिट है। कुरआने पाक में मगफिरत के लिए जिस तक्वा का बार-बार जिक्र किया गया है, सब्र और सदाकत के साथ रखा गया रोज़ा उस तक्वे का एक जुज है।




### 10-12 रुपये तक महंगा हो सकता है पेट्रोल-डीजल

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अगर ये जंग लंबी चली और तेल मार्ग होर्मुज स्ट्रेट बंद हुआ तो कच्चे तेल के दाम बढ़ सकते हैं। इसका असर भारत में तेल, शेयर बाजार और सोना-चांदी पर दिख सकता है। दिल्ली में पेट्रोल 95 लीटर से बढ़कर 105 तक पहुंच सकता है। वहीं डीजल 88 से बढ़कर 96 तक जा सकता है। इसकी वजह ये है कि भारत अपनी जरूरत का 90 प्रतिशत तेल आयात करता है। इसमें से करीब 50 प्रतिशत क्रूड होर्मुज के रास्ते आता है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर ईरान इस रास्ते को ब्लॉक करता है, तो इंटरनेशनल मार्केट में कच्चे तेल की सप्लाई घट जाएगी और कीमतें 100 से 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। फिलहाल ब्रेंट क्रूड 70 डॉलर प्रति बैरल के आसपास ट्रेड कर रहा हैं। भारत में पेट्रोल-डीजल की कीमतें सरकारी तेल कंपनियां तय करती हैं। पिछले 15 दिनों में अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की औसत कीमत और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति पर निर्भर करती हैं। हालांकि कंपनियां बेस प्राइस तय करती हैं।

## ईरान के पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद की हवाई हमले में मौत



**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी सैन्य टकराव के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान के पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद इजरायली हवाई हमले में मारे गए हैं।

बताया जा रहा है कि तेहरान में उनके ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में भारी तबाही देखी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक शनिवार को इजरायली वायुसेना ने तेहरान में एक इमारत पर एयरस्ट्राइक की। इसी इमारत में पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद अपने सलाहकारों और सुरक्षा कर्मियों के साथ मौजूद थे। हमले में उनके कई करीबी सहयोगी और बॉडीगार्ड भी मारे गए। बताया गया कि सुरक्षा में तैनात कुछ लोग ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड यानी आईआरजीसी से जुड़े थे।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177




## नागपुर में विस्फोटक कारखाने में भीषण धमाका, 17 की मौत

- 18 घायल, डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 से 7.15 बजे के बीच हुआ हादसा

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार को भयानक हादसा हो गया। नागपुर जिले के कटोल तहसील में एक विस्फोटक कारखाने में हुए धमाके में कम से कम 17 लोगों की मौत हो गई। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने बताया कि विस्फोटक कारखाने में हुए विस्फोट में 17 लोग मारे गए हैं।

जानकारी के मुताबिक कि यह विस्फोट कटोल तहसील के राउलगांव में खनन और औद्योगिक विस्फोटक बनाने वाली कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के कारखाने में हुआ। एक न्यूज एजेंसी ने एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के प्रतिनिधियों के हवाले से बताया कि घटना कंपनी की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच हुई। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के तुरंत बाद घायलों को नागपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हर्ष पोद्दार, एसपी, नागपुर ग्रामीण ने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में हुए विस्फोट में 17 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### अब होगा धर्म युद्ध का शंखनादः अविमुक्तेश्वरानंद

**वाराणसी।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती गाय और सनातन की रक्षा के लिए 11 मार्च को लखनऊ में सभा करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ को दी गई चेतावनी के 40 दिन पूरा होने पर 11 मार्च को 'धर्म युद्ध' का शंखनाद किया जाएगा। रविवार को शंकराचार्य ने कहा कि 6 मार्च को वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर काशी से लखनऊ के लिए प्रस्थान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सबसे पहले बड़े भगवान चिंता गणेश का पूजन पाठ होगा। संकट मोचन मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ करंगे, उसके बाद यात्रा के लिए निकल जाएंगे। विभिन्न स्थानों से होते हुए लखनऊ में 11 मार्च को शीतला अष्टमी पर काशीराम मैदान में गौ ध्वज प्रतिष्ठा किया जाएगा। इसके बाद धर्म युद्ध शुरू होगा, जो लोग भी गौ माता की रक्षा के लिए आना चाहते हैं वह आएंगे। सात मार्च को जौनपुर, सुल्तानपुर से होते हुए यात्रा रायबरेली पहुंचेगी।

### गोकुल में छड़ी मार होली भाव भक्ति के साथ संपन्न

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में कान्हा नगरी मथुरा के गोकुल में रविवार को विश्व प्रसिद्ध 'छड़ी मार होली' का आयोजन उल्लास और भक्ति भाव के साथ किया गया। बरसाना और नंदगांव की लठमार होली के बाद ब्रज में फाल्गुन की मस्ती अपने चरम पर पहुंच गई है और गो. कुल में प्रेम व वात्सल्य की अनूठी छटा बिखरी। उत्सव की शुरुआत ऐतिहासिक नंद भवन से हुई। यहां ठाकुर जी को भव्य पालकी डोला में विराजमान कर ढोल-नगाड़ों और 'नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की' के जयघोष के बीच शोभायात्रा निकाली गई। ग्वाल-बालों की टोली झूमती-गाती नंद चौक पहुंची, जहां हुरियारिनें गोपियां हाथों में छड़ियां लिए स्वागत के लिए खड़ी थीं।

### ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत पर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ प्रदर्शन

# उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शिया समुदाय सड़क पर उतरा, लगाए नारे

### तुम एक हुसैनी मारोगे, तो हर घर से एक और हुसैनी निकलेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद उत्तर प्रदेश के कई जिलों में शिया समुदाय ने कड़ी नाराजगी जताते हुए यूएस और इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। लखनऊ में बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग सड़कों पर निकल आए और अमेरिका-इजरायल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। शहर के छोटे इमामबाड़ा से शुरू होकर कई प्रमुख इलाकों में पहुंचा, लोगों ने अमेरिका-इजारायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और खामेनेई को शहीद बताया।

विरोध में उतरे वक्ताओं ने खामेनेई की मौत पर दुख प्रकट करते हुए इसे खतरनाक बताया और इसे सीधे अमेरिका के आतंकवाद और साम्राज्यवाद से जोड़ा। यही नहीं विश्व युद्ध जैसी स्थिति उभरने की चेतावनी भी दी। लोगों के आक्रोश को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस फोर्स भी तैनात रही। रविवार सुबह जैसे ही ईरानी लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर आई, शिया समुदाय शोक और आक्रोश से भर गया। शिया समुदाय ने पुराने लखनऊ के इमामबाड़ा से मार्च निकाला। इसमें खामेनेई की तस्वीरों के साथ लोग चल रहे थे। खामेनेई अमर रहें के नारों के साथ ही अमेरिका-इजरायल मुर्दाबाद के नारे सड़कों पर गूंज रहे थे। शिया धर्म गुरुओं ने इसे वैश्विक तानाशाही बताया और चेतावनी दी कि खामेनेई की मौत दबे और कुचले लोगों के लिए प्रेरणा बनेगी। वक्ताओं ने कहा कि हमारे नेता ने जुल्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी, धर्म की परवाह किए बगैर दबे-कुचलों का साथ दिया, उनकी मौत कमजोरी नहीं, बल्कि दुनिया भर के मजलूमों के लिए हिम्मत का सबब है।



दुनियाभर के देशों से आगे आकर खामेनेई के लिए न्याय की मांग की गई है। शिया समुदाय के आक्रोश को देखते हुए शहर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। जुलूस के साथ भी पुलिस फोर्स रही। अधिकारियों ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। इसके साथ ही खुफिया तंत्र भी एक्टिव हो गया है और लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। उधर जौनपुर में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई की मौत के विरोध में जौनपुर में हजारों शिया प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका-इजरायल के खिलाफ हमला बोला। 'हर घर से हुसैनी निकलेगा' के नारों के साथ कल्लू इमामबाड़ा पर प्रदर्शन हुआ। जिले के कोने-कोने से हजारों की संख्या में शिया समुदाय के पुरुष, महिलाएं और बच्चे सड़कों पर उतर आए, हाथों में खामेनेई के पोस्टर और काले झंडे लिए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### तीन दिन का शोक मनाएं शिया: कल्बे जवाद



मशहूर शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद कल्बे जवाद ने इस हमले को 'कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला' करार दिया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अयातुल्ला खामेनेई हमेशा शहादत की दुआ करते थे और वे जंग लड़ते हुए शहीद हुए हैं। हमारे मजहब में शहादत सबसे बड़ा मर्तबा है। खामेनेई का खून रायगा (व्यर्थ) नहीं जाएगा। शहीद के खून के कतरे से वो इंकलाब पैदा होता है, जिसमें जालिम डूब जाते हैं। डोनाल्ड ट्रंप और बेंजामिन नेतन्याहू ने खामेनेई को शहीद नहीं किया, बल्कि अपने खुद के 'डेथ वारंट' पर दस्तखत कर दिए हैं, उनकी मौत बेहद बदतर होगी। मौलाना कल्बे जवाद ने पूरे देश के शिया समुदाय से तीन दिवसीय शोक मनाने का आह्वान किया है। उन्होंने अपील की है कि लोग स्वेच्छा से अपनी दुकानें और कारोबार बंद रखें। पूरे मुल्क में एक ही समय पर शोक सभाएं और कैंडल मार्च निकाले जाएं, घरों पर काले झंडे लगाकर विरोध दर्ज कराया जाए।

## दुनिया को युद्ध की नहीं शांति की जरूरत: प्रियंका

नई दिल्ली, वार्ता

ईरान पर हुए हमले में सुप्रीम लीडर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौतपर कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी ने कड़ी आला. चना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री से युद्धग्रस्त क्षेत्रों में फंसे भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने की अपील भी की।

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि किसी संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और निर्दोष लोगों की बड़ी संख्या में की गई हत्याएं, चाहे उसके पीछे कोई भी घोषित कारण बताया जाए निंदनीय हैं और उनकी कड़ी आलोचना की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि अब कई देश इस संघर्ष में खींचे जा चुके हैं। दुनिया को और अनावश्यक युद्धों की नहीं, बल्कि शांति की जरूरत है।



**भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालें पीएम**

जो लोग इसके फैसले ले रहे हैं, उन्हें महात्मा गांधी के शब्द याद रखने चाहिए. आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इजरायल के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ट्रंप के प्रति औपचारिक समर्थन जताने के बाद हमारे पीएम प्रभावित देशों में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

## खामेनेई की हत्या पर भड़के ओवैसी

### ये अमानवीय है, भारत सरकार करे युद्ध रुकवाने में हस्तक्षेप

हैदराबाद, वार्ता

अमेरिका और इजराइली हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत होने पर उत्तर प्रदेश से लेकर जम्मू-कश्मीर में लोग सड़कों में उतरकर लोग यूएस और इजराइल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच एआईएमआईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान पर हुए हमले की कड़ी निंदा की है।

पत्रकारों से बात करते असदुद्दीन ओवैसी ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या को अमानवीय, गैरकानूनी और अनैतिक बताते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानून का गंभीर उल्लंघन करार दिया है। उन्होंने कहा कि रमजान के पाक महीने में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने ईरान पर हमला



**अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया गया**

किया है, नेतन्याहू इंसानियत को नहीं मानते हैं। ओवैसी ने ईरान पर हमले की निंदा करते हुए जोर देकर कहा कि युद्ध को तत्काल समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने भारत सरकार से तनाव कम करने और शांति प्रयासों में रचनात्मक भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार हिंसा के ऐसे गैरकानूनी कृत्यों और खामेनेई की हत्या की स्पष्ट रूप से निंदा करेगी। हमले को कायरतापूर्ण और अमानवीय बताते हुए उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों सहित निर्दोष नागरिकों की हत्या स्तब्ध कर देने वाली है और मानवाधिक. ारों के पैरोकारों का पर्दाफाश करती है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर युद्ध जारी रहा, तो वैश्विक तेल की कीमतों में वृद्धि होगी, जिससे दुनिया भर के लोग प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि ईरान के एक सम्मानित नेता की हत्या का ईरानी निश्चित रूप से बदला लेंगे। उन्होंने कहा कि जिन. ेवा में शांति वार्ता चल रही थी, उसी दौरान यह हमला हुआ, यह एक कायरतापूर्ण और अमानवीय हमला है।उन्होंने कहा कि अगर यह युद्ध जारी रहा, तो तेल की कीमतें बढ़ेंगी और यहां तक कि 1 डॉलर का अंतर भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर भारी असर डालेगा।

## श्रीनगर में यूएस विरोधी प्रदर्शन, एमएमयू में आज हड़ताल का आह्वान

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी के विभिन्न हिस्सों में रविवार को हजारों शिया मुसलमानों ने ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के मारे जाने के बाद प्रदर्शन किए।।

प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका तथा इजरायल के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन श्रीनगर के अन्य हिस्सों के अलावा मध्य कश्मीर के बडगाम और उत्तर कश्मीर के बारामूला में भी हुए, जहां शिया समुदाय के पुरुषों और महिलाओं ने जुलूस निकाले। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि प्राधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शोक व्यक्त कर रहे लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी भावनाएं व्यक्त करने की अनुमति मिले। उन्होंने सभी समुदायों से शांति बनाए रखने और तनाव बढ़ाने वाली गतिविधियों से बचने की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी इस घटना की निंदा की। इससे भी ज्यादा शर्मनाक और चौंकाने वाली बात यह है कि मुस्लिम देशों ने साफ या छिपा हुआ समर्थन दिया, जिन्होंने जमीर के बजाय सुविधा को चुना। हुर्रियत अध्यक्ष और कश्मीर के मुख्य धर्मगुरु मीरवाइज उमर फारूक ने कहा कि प्रमुख धार्मिक संगठनों के मंच 'मुत्तहिदा मजिलस-ए-उलेमा' (एमएमयू) ने सोमवार को पूर्ण हड़ताल का आह्वान किया है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 81287.19
निफ्टी 25178.65



सोना 164700
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 268000
प्रति किलो




## भू-राजनैतिक स्थिति से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेश धारणा पर सबसे ज्यादा असर पश्चिम एशिया में सप्ताहांत में बनी भू-राजनैतिक स्थितियों का रहेगा। अमेरिका और इजराइल ने 28 फरवरी की सुबह संयुक्त सैन्य कार्रवाई में ईरान पर हमला कर दिया। इसके उत्तर में ईरान ने भी इजराइल और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकाने वाले कई देशों पर हमले किए।

निवेशकों की नजर अब इस बात पर रहेगी कि क्षेत्र में परिस्थितियां किस प्रकार बदलती हैं और इन हमलों का क्या असर होता है। पूरी दुनिया के साथ भारतीय शेयर बाजारों पर भी आने वाले सप्ताह में इसका असर दिखेगा। साथ ही 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़ों का असर भी बाजार पर दिखेगा। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के फरवरी के पीएमआई आंकड़े, जनवरी के औद्योगिक



उत्पादन के सरकारी आंकड़ें और वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने हैं। इन सभी कारकों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बीएसई का सेंसेक्स गत सप्ताह कुल 1,527.52 अंक (1. 84 प्रतिशत) टूटकर शुक्रवार को 81,287.19 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 392.60 अंक यानी 1.54 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ 25,178.65 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों में अपेक्षाकृत कम गिरावट रही। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.87 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.43 प्रतिशत टूट गया।

## यात्री वाहनों की बिक्री में फरवरी में भी जारी रही तेजी

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती के बाद वाहनों की बिक्री में शुरू हुई दमदार तेजी फरवरी महीने में भी जारी रही। खास बात यह रही कि फरवरी में देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी की घरेलू बिक्री में मामूली वृद्धि हुई, जबकि अन्य कंपनियों की बिक्री में तेज वृद्धि दर्ज की गई। मारुति सुजुकी ने रविवार को बताया कि घरेलू बाजार में उसकी कुल बिक्री 1,64,130 इकाई रही। पिछले साल यह आंकड़ा 1,63,501 इकाई था। हालांकि निर्यात में 56-49 प्रतिशत की अच्छी बढ़ोतरी के कारण उसकी कुल बिक्री में 7.32 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। माह के दौरान कंपनी ने कुल 39,155 वाहनों का निर्यात किया और उसकी कुल बिक्री 2,13,995 इकाई हो गई। इसमें दूसरी कंपनी (सुजुकी) के बेचे गए 10,710 वाहन भी शामिल हैं। घरेलू बाजार में कंपनी के यात्री वाहनों की बिक्री 1,61,000 इकाई और हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री 3,130 इकाई पर रही। यात्री वाहनों में कार, उपयोगी वाहन और वैन शामिल हैं। टाटा समूह की कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल की घरेलू बिक्री 34 प्रतिशत बढ़कर 62,329 इकाई रही। कंपनी ने 1,002 वाहनों का निर्यात किया जो सालाना आधार पर 167 प्रतिशत की वृद्धि दिखता है। इस प्रकार उसकी कुल बिक्री 35 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 63,331 इकाई दर्ज की गई। साथ ही उसके इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री 57 प्रतिशत बढ़कर 8,385 इकाई पर पहुंच गई।

## चावल, चीनी में साप्ताहिक तेजी, गेहूं नरम, खाद्य तेलों, दालों में घटबढ़

नई दिल्ली, वार्ता


घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी में भी तेजी रही। गेहूं की कीमत नरमी देखी गई जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 16 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,853 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 23 रुपये सस्ता होकर 2,834 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

आटा की कीमत भी 18 रुपये गिरकर 3,310 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। बीते सप्ताह खाद्य तेलों में भी उतार.चढ़ाव रहा। सरसों तेल औसतन 27 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल 227 रुपये और सूरजमुखी तेल 80 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति की कीमत 79 रुपये और पाम ऑयल की 67 रुपये बढ़ी। सोया तेल 54 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 25 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी सात रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के



औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे-दाल- दलहनः दाल चना 7757.19 रुपये, मसूर काली 8055.59 रुपये, मूंग दाल 10183.14 रुपये, उड़द दाल 10752.22 रुपये, तुअर दाल 11167.83 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाजः (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2834.27 रुपये और चावल 3852. 75 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3310.03 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस 4310.23 रुपये और गुड़ 5007.35 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेलः सरसों तेल 17650.61 रुपये, मूंगफली तेल 18390.72 रुपये, सूरजमुखी तेल 16572.78 रुपये, सोया तेल 14131.21 रुपये, पाम ऑयल 12794.84 रुपये और वनस्पति 14585.32 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## पुडुचेरी का मिली 2700 करोड़ की बड़ी सौगात

### पीएम मोदी ने कांग्रेस और डीएमके शासन पर साधा निशाना

**पुडुचेरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुडुचेरी दौरे के दौरान 2700 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुडुचेरी आना उनके लिए सम्मान की बात है और यह संतों, कवियों तथा स्वतंत्रता सेनानियों की भूमि रही है। उन्होंने याद दिलाया कि महाकवि सुब्रमण्यम भारती ने इसी धरती से राष्ट्रवाद की अलख जगाई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मैं पहले यहां आया था, तो मैंने श्ठम्ैज् पुडुचेरीश का मंत्र दिया था- जिसका मतलब है बिजनेस, एजुकेशन, स्पिरिचुअलिटी और टूरिज्म। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में यह विजन फल दे रहा है। पुडुचेरी में अच्छा शासन और विकास हुआ है। जब केंद्र और केंद्र शासित प्रदेश एक ही विजन और लगन से काम करते हैं, तो नतीजे तेजी से और बेहतर होते हैं। इस वर्ष के बजट में 12 लाख करोड़ रुपये इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए आवंटित किए गए हैं। इससे पुडुचेरी में बेहतर सड़कें, पेयजल आपूर्ति, तटीय ढांचा, स्कूल और अस्पताल जैसी सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी बताया कि पुडुचेरी को कैपिटल इन्वेस्टमेंट स्कीम के तहत विशेष सहायता दी गई है, जो पहले केवल राज्यों के लिए उपलब्ध थी। इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ज्यादा फंडिंग का मतलब है बेहतर सड़कें, पानी की सप्लाई, कोस्टल इंफ्रास्ट्रक्चर, स्कूल, अस्पताल और ऐसे कई प्रोजेक्ट। एनआईटी कराईकल में नया डा. एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और माडर्न हास्पिटल की सुविधाएं कई स्टूडेंट्स के लिए टेक्निकल एजुकेशन को मजबूत करेंगी। पुडुचेरी विवि में भी आधारभूत ढांचे का विस्तार किया गया है।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम लीडर...**

गए, जिन्हें बाद में रेस्क्यू आपरेशन चलाकर निकाला गया। अमे. रिका और इजरायल के हमले के जवाब में ईरान ने भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए। इन हमलों में इजरायल समेत मिडिल-ईस्ट के 9 देशों को निशाना बनाया गया। ईरान ने इजरायल पर करीब 400 मिसाइलें दागीं और कतर, कुवैत, जॉर्डन, बहरीन, सऊदी अरब व यूएई में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को भी निशाना बनाया। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी हमला किया। ईरान ने दुबई के पाम होटल एंड रिसोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला किया। इसके अलावा बहरीन में कई रिहायशी इमारतों को निशाना बनाया।

## मोदी सरकार की विदेश नीति बहुत कमजोर: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मोदी सरकार की विदेश नीति को विफल और देशहित के विपरीत बताते हुए कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की स्थिति कमजोर हुई है इसलिए इसमें पुनर्विचार की जरूरत है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार की विदेश नीति के कारण भारत के प्रति दुनिया के रुख में बदलाव दिख रहा है और अमेरिका का रुख भारत की तुलना में पाकिस्तान की तरफ नरम है जिसे विफल विदेश नीति का परिणाम कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का रुख पाकिस्तान के प्रति नरम है और यही कारण है कि श्री ट्रम्प पहलगाम आतंकवादी हमलों की पृष्ठभूमि से जुड़े व्यक्ति की सार्वजिनक सराहना कर रहे हैं। उनका कहना था कि अमेरिका ने अफगानिस्तान के खिलाफ



पाकिस्तान की कार्रवाई का समर्थन किया है। राष्ट्रपति ट्रम्प कई बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने 10 मई 2025 को आयात शुल्क बढ़ाने की धमकी देकर 'ऑपरेशन सिंदूर' रुकवाया, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि गत 2 फरवरी को राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसकी घोषणा की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मामला उठाया लेकिन मुद्दों से ध्यान हटाने की सरकार ने कोशिश की। बाद में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प की आयात शुल्क नीति को अवैध करार दिया।

## कोर्ट का फैसला बीजेपी व सरकार के गाल पर तमाचा: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबक. ारी नीति मामले में आप संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया के डिस्चार्ज होने के बाद आज जंतर-मंतर पर केजरीवाल ने एक जनसभा में कहा कि बस मार्शलों और निकाले गए कर्मचारियों से भी मैं बात करूंगा। केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी ने सिर्फ आप लोगों के साथ नहीं, पूरी दिल्ली के साथ धोखा किया। पूर्व सीएम ने कहा कि परसों दिल्ली की एक अदालत ने एक ऐतिहासिक फैसला किया कि ये दिल्ली वालों के पक्ष में है। उन्होंने कहा मैं आपको बधाई देना चाहता हूं। मैं जज साहब का धन्यवाद करना चाहता हूं कि ऐसे डर के माहौल में ऐसा धाकड़ फैसला दिया।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले 4 सालों से मोदी और



**मोदी जी मुझसे इतनी नफरत क्यों? जंतर-मतर पर बोले-मैंने तो कुछ नहीं बिगाड़ा**

शाह ने साजिश रची कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचारी है, लेकिन जज साहब ने फैसला सुनाया कि मोदी जी आप झूठ बोल रहे हैं, अरविंद केजरीवाल ईमानदार हैं। अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार है, ये 600 पेज का कोर्ट का फैसला है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी को खत्म करने की साजिश थी। कोर्ट का ये फैसला बीजेपी और मोदी जी के गाल पर तमाचा है। केजरीवाल ने कहा कि आज मैं अपनी नहीं, देश की बात करने आया हूं, मुझे देश से प्यार है, आई लव इंडिया। मैं जब आईआईटी में था, तो मेरे बहुत अच्छे नंबर आते थे, मैं अमे. रिका जा सकता था, लेकिन नहीं गया। क्योंकि देश के लिए कौन काम करता। जब मैं इनकमटैक्स में असिस्टेंट कमिश्नर था, तो एक सीए आया और बोला कि क्या सेवा करनी है, मैंने मना कर दिया। पूरे डिपार्टमेंट में फैल गया कि अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार है। लोग केजरीवाल की कसमें खाने लगे। फिर मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री बना, पता नहीं मोदी जी मुझसे क्यों नफरत करते हैं, मैंने तो उनका कुछ नहीं बिगाड़ा, जो इतनी जांच कराई।

# मीठेपुर ग्राम पंचायत कर रही आस्था से खिलवाड़

## गांव में माई देवता के रास्ते पर डाला गया कूड़ा, लोगों में पनप रहा रोष

- होली पर पूजन के लिए कैसे जाएंगी महिलाए
- ग्राम पंचायत द्वारा रास्ते में फैलाया जा रहा है कूड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** क्षेत्र के मीठेपुर गांव में पानी की टंकी के निकट नवनिर्मित रास्ता इस समय कूड़े से पटा हुआ है गांव से निकलने वाला कूड़ा करकट सांसद निधि के लाखों रुपए की लागत से बने इस रास्ते पर ही डाला जा रहा है।

बताया जाता है कि जिस जगह पर माई देवता विराजमान है ये रास्ता वहीं तक जाता है यहां हिन्दू धर्म की महिलाएं होली, दीपावली, दशहरा व नवरात्रों के अवसर पर दीपक जलाकर पूजन करने पहुंचती है इसके बाद भी ग्राम पंचायत द्वारा जानबूझकर यहां कूड़ा डलवाया गया है जिससे ग्रामीणों में भारी रोष पनप रहा है महिलाएं होली पर पूजन के लिए इस गंदगी से होकर जाने को मजबूर है। गांव निवासी अमरपाल सैनी, विकास सैनी, सुरेश सैनी, अशोक, पवन, जितेंद्र सैनी, रोहतास सैनी, बीरसिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा उनकी आस्था के साथ जानबूझकर खिलवाड़ किया जा रहा है उन्होंने कहा कि दो दिन बाद होली का त्यौहार है और सैकड़ों महिलाएं यहां पूजन के लिए आती है उसके बाद भी गांव का कूड़ा यहा डाला गया है उन्होंने कहा कि वो उच्च अधिकारियों से इसकी शिकायत करेंगे। वहीं गांव निवासी असलम व रहमू ने बताया कि वो कई बार ग्राम प्रधान से कूड़ा हटवाने की मांग कर चुके है लेकिन उसके बाद भी लाखों रुपए की लागत से बने इस रास्ते पर लगातार कूड़ा डाला जा रहा है अब रास्ता पूरी तरह से कूड़े में तब्दील हो चुका है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लोगों में इस मामले को लेकर लोगों में अलग-अलग चर्चा है। उनका कहना है कि यह लाप. रवाही उजागर कर रही है।



# परीक्षितगढ़ पुलिस ने कच्ची शराब नष्ट करने का चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** एसएसपी, एसपी देहात व सीओ सदर देहात द्वारा होली पर चलाए जा रहे कच्ची शराब के अभियान में थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही चौकी प्रभारी आसिफाबाद रजनीकांत द्वारा पुलिस फोर्स के साथ खादर क्षेत्र के गंगा नदी किनारे अवैध कच्ची शराब माफियाओं पर दबिश दी। जिसमें 2500 लीटर शराब नष्ट की गई। तथा कच्ची शराब की भटिया नष्ट की गई जिससे शराब माफिया मौके से फरार हो गए। पुलिस की इस कार्यवाही से शराब माफिया में हड़कंप मचा हुआ है। थाना अध्यक्ष सुदीश सिंह सिरोही ने कहा कि थाना क्षेत्र में जो लोग कच्ची शराब बनाने या बेचने का काम करेगे उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी रजनीकांत ने बताया कि चेकिंग के दौरान कर्मदीप पुत्र लाभ सिंह निवासी ग्राम डबल सुल्तानपुर थाना परीक्षितगढ़ को नहर पटरी से गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से पुलिस को तलाशी के बाद अवैध शराब बरामद हुई है।

# किठौर थाना प्रभारी प्रताप लाइन हाजिर सुबोध कुमार सक्सेना ने संभाला चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मेरठ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने बड़े पैमाने पर निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के तबादले किए हैं। जनपदीय स्थापना बोर्ड की बैठक में गहन विचार विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया।

पुलिस प्रशासन के अनुसार, फेरबदल का उद्देश्य जनपद में शांति व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाना तथा प्रशासनिक आवश्यकताओं को पूरा करना है। इसी क्रम में, किठौर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह की शिकायत मिलने के बाद लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनके स्थान पर सुबोध कुमार सक्सेना को सोशल मीडिया सेल से स्थानांतरित कर किठौर थाने का नया प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया गया है। उन्होंने पदभार ग्रहण कर लिया है। अन्य तबादलों में उपनिरीक्षक सुमित तोमर को मवाना थाने की सठला चौकी प्रभारी से हटाकर लोहिया नगर थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। उपनिरीक्षक महेश कुमार को किठौर थाने की साईफन चौकी प्रभारी से स्थानांतरित कर पल्लवपुरम थाने का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



इसके अतिरिक्त, निरीक्षक नेत्रपाल सिंह को लोहिया नगर थाने के अतिरिक्त निरीक्षक (अपराध) पद से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है। निरीक्षक मोहनलाल को परतापुर के अतिरिक्त निरीक्षक (अपराध) से रिट सेल का प्रभारी बनाया गया है। वहीं उपनिरीक्षक हरि सिंह को सरधना थाने की दौराला पुल चौकी प्रभारी से सोशल मीडिया सेल पीआरओ का प्रभारी नियुक्त किया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह सभी तबादले प्रशासनिक जरूरतों और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किए गए हैं। संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अपने अपने नए कार्यस्थलों पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# रणवीर सिंह दहिया ने रोहटा में चलाया, लोगों ने की प्रशंसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** कहते हैं कि अपनी जमीन और अपनी जमीन की मिट्टी की खुशबू आदमी को खींच लाती है लेकिन रणवीर सिंह दहिया तो पैदा भी यहीं पर हुए हैं और आज सिवाल खास विधानसभा के गांव रोहटा में जब वह अपने खेत पर पहुंचे तो ट्रैक्टर चलाना नहीं भूले और अपने खेत की घंटो तक जुताई की। वहीं इस दौरान ग्रामीण भी पहुंच गए जहां रणवीर सिंह दहिया को देख सब कहने लगे पूर्व प्रधानमंत्री और किसान नेता चौधरी चरण सिंह और स्वर्गीय अजीत सिंह की याद दिला दी वह भी ऐसे ही किसान की मिट्टी में मिल जाते थे और अपने किसान भाइयों को कभी भी उन्होंने अकेला नहीं छोड़ा ऐसे ही रणवीर सिंह दहिया है वह भी सर्व समाज को लेकर अपने साथ चलते हैं और पिछले कुछ दिनों से सदस्यता अभियान चलाकर सिवाल खास विधानसभा में लोक दल की जड़े मजबूत करने का काम किया है।



# उपज का किला परीक्षितगढ़ में होली मिलन व सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट्स संबद्ध नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के तत्वावधान में किला परीक्षितगढ़ स्थित द्वारिका फार्महाउस में उपज पत्रकार होली मिलन समारोह एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पत्रकारों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर संगठन की एकजुटता का संदेश दिया।

समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उत्तर प्रदेश सदस्य नरेंद्र खजूरी, चेयरमैन हिटलर त्यागी, कांग्रेस के हस्तिनापुर विधानसभा प्रभारी कैलाश बंसल, उपज अध्यक्ष अजय चौधरी, महामंत्री ललित ठाकुर, कोषाध्यक्ष विश्वास राणा तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयवीर त्यागी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उपज अध्यक्ष अजय चौधरी ने संगठन द्वारा पत्रकार हितों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि उपज सदैव पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों को होली की शुभकामनाएं भी दीं। पूर्व चेयरमैन हिटलर त्यागी ने हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र में पत्रकार हितों में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए संगठनात्मक एकता पर बल दिया। समारोह के दौरान पत्रकारों को उपज के प्रतीक चिन्ह एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अखिल गौतम, अमित तोमर, ताज मोहम्मद, रवि गौतम, मनोज कर्दम, संचित अरोड़ा, धर्मेंद्र कुमार, रवि गौतम सहित दर्जनों पत्रकार उपस्थित रहे। समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की बधाई का संदेश दिया।

# एयरटेल और गूगल ने स्पैम सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए साझेदारी की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारती एयरटेल और गूगल ने भारत में लाखों उपयोग कर्ताओं को सुरक्षित और प्रभावशाली मैसेजिंग अनुभव प्रदान करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। एयरटेल की नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज आरसीएस प्लेटफॉर्म तथा स्पैम फिल्टरिंग को एक साथ लाने से उपयोगकर्ता अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो और वीडियो का अनुभव कर सकते हैं। भारती एयरटेल के एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन गोपाल विट्टल ने कहा, एक अग्रणी पहल के तहत अब हमने गूगल के साथ साझेदारी की है, ताकि दूरसंचार दायरे से आगे बढ़कर ग्राहक सुरक्षा का विस्तार किया जा सके और रिच मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को और अधिक सुरक्षित बनाया जा सके। अब हम अन्य ओटीटी कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म से भी अपील करते हैं कि वे हमारे साथ मिलकर काम करें और ग्राहक स्पैम और वित्तीय धोखाधड़ी के खतरे से सुरक्षित रहें।

# रोजेदार मुस्लिम युवक से मारपीट मामले में कप्तान ऑफिस पर धरना



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ की IIMT यूनिवर्सिटी में रोजेदार मुस्लिम युवक के साथ मारपीट मामले में छात्रों ने मेरठ एसएसपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर आरोपी छात्रों पर पुलिस की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसका उन्होंने विरोध किया है। छात्र नेता शान मुहम्मद, हेवीन खान, महताब मूसा, एडवोकेट शानवाज, शहरयाब मुखिया, खालिद डूंगरावाली, महबूब सोलाना के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। छात्र का कुसूर यह था कि गेट पर होली खेल रहे छात्रों के बीच जुम्मे की नमाज पढ़ने के लिए वह यूनिवर्सिटी के बाहर जाना चाह रहा था। उसका कुर्ता फाड़ा गया, लात घूंसो से पीटा गया और दूर तक भीड़ उसे दौड़ाती खदेड़ ले गई। अभी कुछ दिन पहले अदनान व समीर नाम के छात्रों के साथ मारपीट की गई लेकिन विश्व विद्यालय प्रशाशन चुप्पी साधे हुए है। ऐसा लगता है iimt यूनिवर्सिटी एक पक्ष को बढ़ावा दे रही है। जिसका प्रमाण है कि 24 घंटे से ज्यादा गुजरने के बाद भी आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

# होली मिलन कार्यक्रम में गंगेश मुखिया ने व्यापारियों संग खेली होली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मण्डल के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष हरपाल सिंह वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार, मण्डल अध्यक्ष संजय, संयोजक मनोज सोनी, धर्मेंदर प्रधान, व गंगेश मुखिया जिलाध्यक्ष मेरठ पश्चिमी व्यापारी एकता व्यापार मण्डल ने सभी का फूल माला पहनाकर सम्मान किया और होली मिलन समारोह को धूमधाम से मनाया। व्यापारियों ने कहा कि होली का त्यौहार रंगों का त्यौहार है। कार्यक्रम में राहुल शर्मा, पवन वर्मा, दिनेश पंवार, शक्ति सिंह, अमन कुमार, अर्पित कुमार, कविश सिंह, अनंत कुमार, विपिन राणा, अवनीश सिंह, अश्वनी वर्मा, रितेश चौधरी, मनोज कुमार, आदेश पाल, राकेश शर्मा आदि व्यापारी मौजूद रहे।



# होली के त्यौहार को देखते हुए सीओ सरधना ने निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** होली का त्योहार और रमजान माह को देखते हुए क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा और सिवाल खास चौकी इंचार्ज नितिन कुमार पुलिस फोर्स के साथ जानी ब्लॉक के गांव रसूलपुर धौलडी में फ्लैग मार्च निकाला।

क्षेत्र अधिकारी आशुतोष कुमार लोगों से मिले और कहां की रमजान माह और होली का त्योहार आपसी भाईचारे से मनाये और आपसी भाईचारा बनाए रखें कोई भी संदिग्ध व्यक्ति माहौल खराब करने की को. शिश करें तो तुरंत थाना पुलिस को सूचित करें। वहीं इसके बाद क्षेत्राधिकारी आशुतोष कुमार हुसैनी चौक पहुंचे और शिया समुदाय के लोगों से मिले और उनसे कहा कि ईरान में शहीद हुए अयातुल्लाह अली खामेनेई जैसे व्यक्ति से उन्हें भी दुख पहुंचा है इस समय कोई भी कैंडल मार्च या जुलूस न निकाले और वही शिया समुदाय के लोगों ने क्षेत्रीय अधिकारी आशुतोष कुमार को भरोसा दिलाया कि वह कोई भी इस तरह का प्रोग्राम नहीं करेंगे। जिससे माहौल तनावपूर्ण हो। वहीं क्षेत्रधिकारी आशुतोष कुमार ने कहा कि आपसी भाईचारे की मिसाल पैदा करना अच्छे लोगों की पहचान है।



# सपा नेता कुंवर देवेंद्र सिंह की माता की तेरहवीं पर विभिन्न पार्टियों के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव हंसापुर निवासी कुंवर देवेंद्र सिंह की माता अतरकली देवी का निधन 25 फरवरी को उनके आवास पर हो गया था। जिसमें नेताओं ने उनके आवास पर जाकर सांत्वना दी। एक मार्च को अतरकली की 13वीं थी। जिसमें आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद पहुंचे पहले उन्होंने राम. राज गुरुद्वारे में माथा टेका उसके बाद कुंवर देवेंद्र सिंह के आवास पर पहुंचे जहां उन्होंने परिवार को सांत्वना दी। तेर. हवीं श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कर्मवीर गुमी, पूर्व विधायक योगेश वर्मा, पूर्व विधायक प्रभु दयाल वाल्मीकि, राष्ट्रीय सचिव रूद्रसेन, सांसद हरेंद्र मलिक, विधायक पंकज मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, सचिन गुर्जर, नरेंद्र खजूरी, एमएलसी वीरेंद्र सिंह, नितेश बिधूड़ी, विधायक प्रदीप कालका, रघुराज सिंह, यशवीर सिंह, देवराज सिंह, प्रमुख सतीश अवाना, समीम अहमद, खलील सलमानी, वकील बेगम आदि मौजूद रहे।





# भाजपा नेता तारिक खान ने रोजा इफ्तार पार्टी का किया आयोजन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कस्बा शाहजहांपुर स्थित एफबी बैंकट हॉल में भाजपा नेता तारिक खान के पुत्र अहकाम खान की रोजा कुशाई के अवसर पर भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। महज 11 वर्ष की उम्र में पहला रोजा रखने की खुशी में आयोजित इस कार्यक्रम में कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से डेढ़ हजार से अधिक लोगों ने शिरकत कर रोजेदारों के साथ इफ्तार किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से किठौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भड़ोली निवासी पूर्व प्रमुख एवं वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र गुर्जर पहुंचे। उन्होंने अहकाम खान को पहले रोजे की मुबारकबाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही रोजेदारों का गर्मजोशी से स्वागत कर सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना सब्र, इबादत और इंसानियत का पैगाम देता है तथा यह आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने का संदेश देता है। उन्होंने आपसी भाईचारे सामाजिक सौहार्द और एकता को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने उनके सादगी, मिलनसार स्वभाव और समाज के प्रति समर्पण भावना की सराहना की। इफ्तार पार्टी में रोजेदारों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। कार्यक्रम का समापन आपसी मुहब्बत, भाईचारे और दुआओं के साथ हुआ।

# शिया बहुल्य क्षेत्रों में पसरा रहा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शहर हो या देहात ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत के बाद समुदाय के लोगों में गहरा रोष है। वहीं रमजान के बाद भी जिन क्षेत्रों में खासी रौनक देखने को मिलती है वहां सन्नाटा पसरा रहा। लोगों ने इस घटना से गहरा दुख है।

# शिक्षा विभाग, एफओई परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ के शिक्षा विभाग, एफओई परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल में ओम प्रकाश वर्मा इंटर कॉलेज, घाट के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह वर्मा तथा मॉडर्न विद्या निकेतन, के प्रधानाचार्य नीरज तिवारी शामिल रहे। प्रदर्शनी आरंभ होते ही विभिन्न छात्र-छात्राओं ने अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। विद्यार्थियों ने सौर ऊर्जा, अंतरिक्ष उपग्रह, जलविद्युत जनरेटर, हाइड्रोलिक लिफ्ट, मानव हृदय के कार्यशील मॉडल सहित अनेक वैज्ञानिक मॉडलों एवं चार्ट्स का प्रदर्शन किया। कुलपति प्रोफेसर डॉ. पी.के. शर्मा एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफेसर डॉ. शल्या राज तथा डीन प्रोफेसर डॉ. संदीप चौधरी ने कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. दीरा सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों में रचनात्मकता विकसित करने हेतु ऐसे आयोजनों का नियमित रूप से होना आवश्यक है। प्रो. डॉ. जरा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के उद्देश्य से आयोजित किए जाते हैं। प्रोफेसर डॉ. मंजू अधिकारी ने अपने प्रेरणादायी शब्दों से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। सहायक प्रोफेसर डॉ. रूपम जैन ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में युवा पीढ़ी के योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल ने छात्रों द्वारा डिजाइन किए गए सभी मॉडलों का मूल्यांकन किया। प्रतिभागियों ने अपने कार्यशील मॉडलों की अवधारणाओं को स्पष्ट करने हेतु दृश्य प्रस्तुतियां भी दीं। इस प्रदर्शनी में कुल 14 टीमों ने भाग लिया, जिनमें 35 छात्र छात्राएं शामिल थे। आशिता, अनुष्का, लक्षिता, रिया एवं सिमरन द्वारा निर्मित मानव हृदय मॉडल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इतिशा एवं धानी द्वारा निर्मित गुरुत्वाकर्षण केंद्र मॉडल द्वितीय स्थान पर रहा, जबकि रिया कौशिक एवं अनुष्का तोमर द्वारा तैयार स्वचालित स्ट्रीट लाइट मॉडल को तृतीय स्थान मिला।





प्रदर्शनी में सहभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का समापन निर्णायक मंडल के उद्बोधन एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देने के साथ हुआ। एम.एड. की छात्रा सुश्री रितिका वर्मा ने कार्यक्रम की मीडिया कवरेज का दायित्व प्रभावी रूप से निभाया। डॉ. रूपम जैन सहायक प्रोफेसर ने कार्यक्रम का सफल समन्वय किया। विज्ञान प्रदर्शनी में शिक्षा विभाग के सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे। वहीं एक अन्य कार्यक्रम केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। सुभारती विवि के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफ साइंस द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. पवन कुमार डीन, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, जवाहरलाल नेहरू विवि तथा प्रो. आर.के. जैन डीन, विज्ञान संकाय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में लगभग 180 छात्रों ने वर्किंग एवं नॉन-वर्किंग मॉडल, पोस्टर प्रस्तुति तथा मौखिक पीपीटी के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में छात्रों के नवाचार, रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

# किंडर जूम प्ले स्कूल के वार्षिकोत्सव में नन्हें सितारों ने मचाई धूम, जीता दिल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा जटौली रोड स्थित किंडर जूम प्ले स्कूल का वार्षिकोत्सव रविवार को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा का ऐसा प्रदर्शन किया कि वहां मौजूद हर कोई मंत्रमुग्ध हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता नीरज मित्तल ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसके बाद नन्हें-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। देश भक्ति गीतों से लेकर लोक नृत्यों तक, बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। रंग-बिरंगी पोशाकों में सजे इन नन्हें कलाकारों ने अपनी मासूमियत और कला से पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता नीरज मित्तल ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है और उनका आत्म विश्वास बढ़ता है। स्कूल की डायरेक्टर पिंकी सैनी ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया उन्होंने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

# होली पर्व पर गुफा मंदिर में भक्तों का लगा जमावड़ा

## श्रद्धालुओं ने बाबा की पूजा-अर्चना कर की घर परिवार में खुशहाली और शांति की कामना, सुरक्षा के लिए तैनात रही पुलिस







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** होली के पहले रविवार से ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो जाती है। रविवार को मंदिर में श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। बागपत के अलावा आस-पास के जिलों और राज्य से पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा की पूजा-अर्चना कर घर परिवार में खुशहाली और शांति की कामना की। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर दोनों दिन जाम लगा रहा, जिससे यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मंदिर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही और सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई। गुफा मंदिर पर होली और दिवाली के त्योहार पर पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालु पहुंचते है।

गुफा बाबा मंदिर की बागपत के अलावा मेरठ, सोनीपत, दिल्ली, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, उत्तराखंड, शामली समेत अन्य कई जिलों और राज्यों में मान्यता हैं। होली और दीवाली के त्योहार पर आस-पास के जिलों के अलावा अन्य राज्यों भी श्रद्धालु मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना करते हैं। होली की त्योहार पर रविवार के दिन यहां अधिक भीड़ रहती है। रविवार को बागपत के अलावा अन्य जिलों और राज्यों से काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना करने के लिए गुफा बाब के मंदिर में पहुंचे। मंदिर में पूजा करने के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। श्रगद्धालुओं ने गुफा बाबा की पूजा अर्चना कर घर-परिवार में सुख-शांति की कामना की। खाीड़ अधिक होने के कारण दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने मशक्त कर वाहनों को निकलवाया। मंदिर परिसर और मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस तैनात रही। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की गई। मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होने के कारण हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा।

## जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, कई लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के मुगल. पुरा मोहल्ले में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ है। शनिवार की देर शाम दोनों पक्षों के बीच मामूली कहा सुनी हुई और दोनों पक्षों के बीच से अधिक लोग एक दूसरे के आमने-सामने आगे और जमकर लात घुसे चले मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया और इस मारपीट में कई लोग घायल हुए सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत किया। फिलहाल दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे के खिलाफ कोतवाली पर शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस अधिक. ारी पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटे हैं।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र का है जहां दो पक्षों के बीच पुराना जमीनी विवाद चल आ रहा है। जमीनी विवाद को लेकर दोनों पक्षों में पहले का सुनी हुई जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे के सामने आ गए। वीडियो में आप साफ देख सकते हैं कि 20 से अधिक लोग एक दूसरे पर लात घुसे बरसते हुए नजर आ रहे है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत किया है। इस मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल भी हुए हैं। फिलहाल पुलिस अधिकारी मोर मामले की छानबीन कर रहे हैं। दोनों पक्षों ने कोतवाली पर पहुंचकर एक दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार का कहना है कि दोनों पक्ष कोतवाली पर शिकायत करने आए हैं मामले में नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



## पुलिस ने अवैध चाकू के साथ युवक किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। खेकड़ा पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली, जिसमें उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपनी पहचान अनुष उर्फ बॉबी पुत्र चन्द्रपाल निवासी मोहल्ला शाहगार्डन, टाउन एरिया वाली गली करबा, थाना खेकड़ा, जनपद बागपत के रूप में बताई। उसकी उम्र लगभग 20 वर्ष है। आरोपी के खिलाफ थाना खेकड़ा पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध हथियार रखने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## मेडिकल स्टोरों पर बिक रहे नशीले इंजेक्शन पर रोक लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिला जाट महासभा की महासभा के कार्यालय पर सभा हुई। इसमें महासभा की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में प्रशासन के रवैया को लेकर निराशा व्यक्त की गई।

सभा में महासभा के अध्यक्ष एडवोकेट सोमेंद्र ढाका ने कहा कि जिलाधिकारी को जिले में नशे के प्रभाव को रोकने के लिए 29 दिसंबर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नही की गई है, जिससे समाज में रोष है। 9 मार्च को जाट महासभा डीएम से मिलकर मेडिकल स्टोरों पर बिक रहे नशीले इंजेक्शन पर रोक लगाने की मांग की जाएगी। उन्होंने शराब की दुकानों पर शराब पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लिखवाना, मुख्य चौराहों और मार्गो से शराब की दुकानें हटाने की मांग की जाएगी। प्रशासन के कार्रवाई न करने पर कलक्ट्रेट में महापंचायत की जाएगी।

बैठक में स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की स्मृति में एक पुस्तकालय का निर्माण तीन माह में पूरा कराने का निर्णय लिया गया। सभा संचालन महासचिव डा.सनी सिंह तोमर ने किया।

इस मौके पर राम दयाल सां. गवान, नागेंद्र सिंह, विक्रम आर्य, पंकज उज्जवल, वीरेंद्र राणा, अश्वनी तोमर, डा.महावीर सिंह, गौरव, सचिन, लोकेंद्र ढाका, अशोक तोमर, राज कुमार ढाका, नवीन धामा, तेजवीर सिंह, एडवोकेट सुखााष सिंह, डा. सतीश, विनय ढाका, बंटी आदित्य, एडवोकेट अनुज ढाका मौजूद रहे।

## एक नजर

### महाराजा अग्रसेन भवन में धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में होली मिलन उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस होली मिलन उत्सव का उद्घाटन भाजपा नेता युगल किशोर गर्ग ने किया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल अग्रवाल गाजियाबाद से सांसद अतुल गर्ग राम अवतार जिंदल वह विनोद अग्रवाल ईश्वर दयाल गोयल राधे श्याम डा. दिनेश बंसल समारोह गौरव के रूप में उपस्थित रहे। आज हमारे बीच मुजफ्फरनगर से अग्रवाल समाज के मशहूर हस्ती प्रमोद मित्तल भी रहे। दीप प्रकरण का कार्य राजीव गुप्ता ने किया। लक्ष्मी पूजन का कार्य नरेश कुमार गर्ग लुहारी वालों ने किया सभी अतिथियों का स्वागत संदीप जिंदल शंभू स्वीट वालों ने किया। सभी अतिथियों को और कार्यक्रम संयोजकों को प्रतीक चिन्ह राजीव कुमार गर्ग व संदीप गर्ग ने देकर किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अग्रवाल महासंघ के अध्यक्ष रवि कुमार गर्ग बिट्टू कार्यकारी अध्यक्ष संजय गुप्ता सभासद महामंत्री संजय गोयल कार्यकारी महामंत्री संजय कुमार गर्ग कोषाध्यक्ष प्रवीण गुप्ता मंच संचालक आकाश बंसल बृजमोहन अग्रवाल हंसराज गुप्ता शिवम अग्रवाल सत्यम अग्रवाल सुनील मित्तल आकाश कैंसल डा.राजीव गुप्ता संजय कुमार आशीष कुमार शंकर नमकीन वाले नवीन गुप्ता महेंद्र गोयल अनुज गर्ग चिंटू लोहारी वाले प्रदीप गुप्ता पेंट वाले नरेश कुमार गुप्ता अमित गोयल गुड्डू अजय गुप्ता प्रशांत गोयल अमन सिंगल गोपाल गोयल मनीष गोयल हर्ष गुप्ता व संपूर्ण कार्य को हास्य पूर्ण बनाने में खेल प्रतियोगिता आदि करने में सचिन गुप्ता प्रवक्ता की मुख्य भूमिका रही। इस कार्यक्रम में फूलों की होली खेली गई।

### चौधरी हरचंद सिंह ग्रुप ऑफ कॉलेज गोठनी में वार्षिक उत्सव सप्तरंग धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स खुर्जा**

**खुर्जा।** चौधरी हरचंद सिंह ग्रुप ऑफ कॉलेज गोठनी खुर्जा बुलंदशहर में वार्षिक उत्सव सप्तरंग धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर बी एन सिंह आई ए एस, कॉलेज के संस्थापक पूर्व वाइस चांसलर आर पी सिंह, कॉलेज चेयरमैन एस सी कुलश्रेष्ठ, बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश के चेयरमैन शिवकिशोर गौड़, डॉक्टर भूदत्त शर्मा, कॉलेज सदस्य वी के सक्सेना , डायरेक्टर नरेंद्र शर्मा आदि अतिथियों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। कॉलेज प्रबंधन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इसी क्रम में कॉलेज के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रदेशों के परंपरागत नित, गीत, संगीत के साथ ही देश भक्ति से सराबोर प्रस्तुतियां दीं। छात्र छात्राओं की प्रस्तुतियों ने आगंतुक अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि पूर्व जिलाधिकारी बी एन सिंह ने अपने उद्बोधन में छात्र छात्राओं को भविष्य संवारने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी साझा करते हुए आगे चलकर देश का नाम रोशन करने को कहा, शिक्षक एम एल सी श्रीचंद शर्मा ने भी अपने देश की परंपरा और संस्कृक्ति के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि हमारा देश विश्व में सर्वोपरि रहा है। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन द्वारा अतिथियों के साथ पत्रकारों का पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रेमवीर सिंह, रामवीर सिंह, डॉक्टर उत्तम चौधरी, पब्लिक इण्टर कॉलेज जहांगीरपुर के प्रधानाचार्य कुलभूषण शर्मा, सुभाष चन्द्र शर्मा प्रबंधक आर के एकेडेमी, चेयरमैन पिसावा राजबाबू शर्मा, चेयरमैन जहांगीरपुर गजेन्द्र सिंह, बिजेंद्र सिंह बाबा, कृष्ण कुमार प्रधान लोदोना, रंजना गौतम एडवोकेट, पुष्पलता तेवतिया प्रधानाचार्या आर पी एस पब्लिक स्कूल, अरविन्द सिंह, राजेन्द्र कुध्मार एडवोकेट, दीपक चौधरी किसान नेता, बंशी सिंह पहाड़िया, विद्यालयों के विद्यालय के प्राचार्य ने कार्यक्रम के अंत सभी का धन्यवाद किया।

### पीलीभीत टाइगर रिजर्व में एक और बाघ की मौत

ihyhHkhrA टाइगर रिजर्व में शनिवार रात एक बाघ का शव मिलने से वन विभाग में खलबली मच गई। बाघ का शव माला रेंज के अंतर्गत महोफ और माला के बीच धमेला वॉच टावर के पास पड़ा मिला। सूचना मिलने के बाद डीएफओ (मंडल वन अधिकारी) भरत कुमार डीके समेत वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। डीएफओ का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बाघ की मौत का कारण पता चल सकेगा।

## त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस लाइन सभागार में आगामी त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें बागपत के एसपी सूरज राय, एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान, एडीएम विनीत उपाध्याय सहित कई अधिकारियों ने जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों और अध्यक्षों के साथ चर्चा की।



बैठक का मुख्य उद्देश्य आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराना था। अधिकारियों ने सभी उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग की मांग भी की। एसपी सूरज राय ने कहा कि सभी लोग शांति व्यवस्था के साथ अपने त्योहारों को धूमधाम से मनाएं और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने किसी भी अनावश्यक गति. विधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया।

एसपी ने चेतावनी दी कि कानून का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। असामाजिक तत्वों को सख्त चेता. वनी देते हुए एसपी ने कहा कि यदि कोई भी माहौल खराब करने का प्रयास करेगा, तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, व्यापारियों से अपनी दुकानों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाने और अतिक्रमण हटाने की बात भी कही गई।

एसपी सूरज राय ने बताया कि आगामी त्योहारों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह तैयार है। सीसीटीवी और ड्रोन के माध्यम से भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी ताकि जनपद में शांति व्यवस्था बनी रहे और किसी भी कीमत पर इसे बिगड़ने न दिया जाए।

## पुलिस ने 95 पेटी अवैध शराब के साथ तीन लोगों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान निवाड़ा चौकी क्षेत्र से तीन गाड़ियों में ले जाई जा रही 95 पेटी अवैध शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में तीन शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस होली के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए अभियान चला रही थी।

यह मामला शहर कोतवाली क्षेत्र की बॅर्डर चौकी निवाड़ा का है। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर यहां चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान हरियाणा की ओर से आ रही बिना नंबर प्लेट वाली तीन संदिग्ध गाड़ियों को रोकने का प्रयास किया गया। चालकों ने रफ्तार बढ़ाई, जिसके बाद पुलिस ने बल प्रयोग कर तीनों गाड़ियों को रोक लिया। गाड़ियों की तलाशी लेने पर उनमें से कुल 95 पेटी अवैध देशी शराब बरामद हुई। यह शराब हरियाणा से बागपत में तस्करी के लिए लाई जा रही थी।


आशंका है कि होली के अवसर पर इसे विभिन्न क्षेत्रो में खपाने की योजना थी। पुलिस ने बाघु गांव निवासी अंकित, रोहित और आकाश को गिरफ्तार किया है। ये तीनों ही अलग-अलग गाड़ियों में भरकर शराब की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से एक स्विफ्ट और एक वेन्यू कार भी जब्त की है। शहर कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि तीनों शातिर अभियुक्तों को शराब तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से छानबीन कर रही है।

## मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ऐतिहासिक गुफा वाले मंदिर में होली के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं, ताकि श्रद्धुाओं को कोई परेशानी न हो।

मंदिर परिसर और मेले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है। इसके साथ ही, सिविल ड्रेस में भी पुलिसकर्मी हर गतिविधि पर पैनी नजर रख रहे हैं। जनपद में श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए रूट डायवर्जन की व्यवस्था भी की गई है। सीओ विजय चौधरी ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और डयूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह गुफा वाला मंदिर एक ऐतिहासिक स्थल है, जहां होली के मौके पर देश के कोने-कोने से हजारों भक्त पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी यहां मेले का आयोजन किया गया है, जिसके कारण सुरक्षा व्यवस्था और भी महत्वपूर्ण हो जाती है।



## मास्टर अहमद नबी को बड़ी राहत अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार

**पीलीभीत।** गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे मेंगैंगस्टर एक्ट केस में हाईकोर्ट से मिली मास्टर अहमद नबी को बड़ी राहत, अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला ने गैंगस्टर एक्ट केस में जमीन कारोबारी मास्टर अहमद नबी को बड़ी राहत दी है। उच्च न्यायालय के आदेश का अनुसार अब उनको जेल नहीं भेजा जाएगा बल्कि गिरफ्तारी की स्थिति में संबंधित पुलिस स्टेशन अथवा आत्मसमर्पण की स्थिति में सक्षम न्यायालय उसे निजी मुचलके पर रिहा करेगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायमूर्ति राजीव लोचन शुक्ला ने याचिका पर सुनवाई की। याची के वकील और राज्य के सरकारी वकील को सुना और रिकॉर्ड का अवलोकन किया। याचिका में उत्तर प्रदेश गैंगस्टर और असामा. जिक गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम—1986 की धारा 2/3 के तहत केस क्राइम नंबर 01/2026 में, पुलिस स्टेशन—कोतवाली, जिला पीलीभीत में याची अहमद नबी की ओर से अग्रिम जमानत पर रिहा करने की प्रार्थना की गई। याची के वकील ने कहा कि गैंग चार्ट में उल्लिखित दो मामलों के आधार पर आवेदक को इस मामले में झूठा फंसाया गया है।

## कृष्णचन्द्र गान्धी सरस्वती विद्या मन्दिर में नवीन शैक्षिक सत्र प्रारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** कृष्णचन्द्र गान्धी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, माधवकुंज, में नवीन शैक्षिक सत्र 2026—27 हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है। इसी क्रम में विद्यालय प्रबंधन द्वारा नवीन सत्र के सम्बन्ध में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिसमें वित्तीय सलाहकार एवं विद्यालय प्रबन्धक समीर बंसल एडवोकेट व प्रबन्ध कार्यकारिणी सदस्य खण्डेलवाल ने बताया कि वर्ष 2004 में स्थापित यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। विद्यालय में कक्षा 6, 7, 8, 9 एवं 11 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 15 मार्च 2026 दिन रविवार को आयोजित की जायेगी तथा यह परीक्षा हिन्दी एवं अग्रेजी माध्यम में होगी। विद्यालय में कक्षा 6 से 8 तक बालिकाओं का प्रवेश भी किया जा रहा है एवं बालिका शिक्षा को बढ़ाने के उध्देश्य से बालिकाओं को प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जाएगी तथा जो छात्र निर्धन है परन्तु मेधावी है, उनको शुल्क में विशेष छूट दी जाती है।

## किडजी स्कूल में मनाया गया होली उत्सव



eFkjkA नरसीपुरम स्थित किडजी प्ले—स्कूल में होली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे—मुन्ने बच्चों ने सफेद परिधानों में आकर फूलों और सुरक्षित रंगों के साथ होली खेली। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति और त्योहारों के महत्व से परिचित कराना था विद्यालय की प्रधानाचार्या अभिलाषा चौधरी के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। शिक्षिकाएँ रीना, वर्षा, मधुबाला और शिवांगी ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में सरल और रोचक तरीके से समझाया तथा विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया। कार्यक्रम में विदुषी, शन्वी, रिया, महिका और सिद्धार्थ सहित सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने रंगों से खेलते हुए एक—दूसरे को होली की शुभकामनाएँ दीं और नृत्य—संगीत के माध्यम से अपनी खुशी व्यक्त की।

## होली मिलन समारोह में उड़े रंग और गुलाल, सराबोर दिखे केएमयू के सदस्य

**मथुरा।** आज केएम विश्व. विद्यालय के खेल मैदान में होली मिलन समरोह का आयोजन किया गया। इस जीवंत आयोजन में छात्र, संकाय सदस्य और विश्वविद्यालय के अधिकारी एक साथ आए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और हार्दिक उत्सवों के साथ रंगों के इस त्योहार को मनाया। इस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. पूरन सिंह, परीक्षा नियंत्रक समीक्षा भारद्वाज, डिप्टी रजिस्ट्रार सुनील अग्रवाल, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, पशु चिकित्सालय के डीन डा. अजय प्रकाश, डा. पितास्बर, विवि के समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षक—शिक्षिकायें एवं समस्त स्टाफ ने पूरे हर्ष और उल्लास के साथ होली मिलन समारोह में प्रतिभाग किया। शिक्षक व अन्य स्टाफ ने होलीगीत व भजन गा कर कार्यक्रम का समा बांधा और सभी गुलाल के रंग में उत्साहित दिखे और जमकर डांस किया, एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए जमकर लुफ्त उठाया। इस अवसर पर विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी ने सभी केएम विश्वविद्यालय के सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली के रंग मिलकर एक नई छटा बिखेरते हैं, वैसे ही विश्वविद्यालय की प्रगति सबके सामूहिक प्रयास से संभव है। विवि के रजिस्ट्रार डा. पूरन सिंह ने होली को प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक त्योहार बताया। उन्होंने सभी को अपने जीवन से नकारात्मकता को दूर करने और नई ऊर्जा और उत्साह के साथ नई शुरुआत करने के लिए प्रोत्साहित किया। केएम विश्वविद्यालय में होली मिलन समारोह एक आनंदमय अवसर था जिसने न केवल मनो. रंजन प्रदान किया बल्कि उपस्थित सभी लोगों के बीच सामाजिक सद्भाव, सद्भावना और एकता का संदेश भी फैलाया।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बिनौली ( बागपत )**

पत्रांक: 1172/लेखा/2025-26 दिनांक: 28.02.2026

**सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 1146/क्षे.पं./2025-26 दिनांक 17.02.2026 के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त से 14 कार्यो को कराने हेतु निविदा दिनांक 03.03.2026 को 04 बजे खोली जानी थी परन्तु 03.03.2026 का सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाने के कारण उक्त निविदा दिनांक 03.03.2026 के स्थान पर दिनांक 05.03.2026 को अपरान्ह 02 बजे निविदाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बिनौली ( बागपत )**

# होली से पहले पुलिस अलर्ट मोड़ में

■ अफसरों ने थानों-चौकियों और डायल-112 का रिस्पॉन्स टाइम परखा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में शनिवार देर रात वरिष्ठ पुलिस अधिकारी शहर की सड़कों पर उतरे और थानों, चौकियों तथा डायल-112 की मुस्तैदी का औचक निरीक्षण कर रिस्पॉन्स टाइम चेक किया।

एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, डीआईजी बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी और एसएसपी अनुराग आर्य ने पुलिस व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं पुलिस अधीक्षक नगर ने नगर क्षेत्र के सभी क्षेत्राधिकारियों (सीओ), थाना प्रभारियों, चौकी प्रभारियों और डायल-112 वाहनों को चौकी चौराहे पर बुलाकर उनके पहुंचने का समय दर्ज किया। अधिकारियों ने जन शिकायतों के निस्तारण की स्थिति और डायल-112 पर प्राप्त होने वाली आपातकालीन कॉल्स के रिस्पॉन्स सिस्टम की भी समीक्षा की। रिस्पॉन्स टाइम चेकिंग के दौरान पीआरवी 5059 ने 9 मिनट में मौके पर पहुंचकर तत्परता दिखाई। पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम 12 मिनट में, प्रभारी निरीक्षक बारादरी 14 मिनट में तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली 15 मिनट में चौकी चौराहे पर पहुंचे। इसके अलावा अन्य अधिकारी और पीआरवी वाहन भी निर्धारित समय सीमा के भीतर मौके पर पहुंच गए।

निरीक्षण के दौरान सभी थानों और चौकियों के पुलिस कर्मी सतर्क और सक्रिय पाए गए। वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए, संवेदनशील स्थानों पर नियमित गश्त की जाए और आपातकालीन कॉल्स पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को सुरक्षा का भरोसा मिल सके।

# आवारा सांड का हमला, खेल रहे दो मासूम गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में आवारा सांडों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गांव वकैनिया में शुक्रवार शाम एक बेकाबू सांड ने घर के बाहर खेल रहे दो मासूम बच्चों पर हमला कर दिया, जिससे दोनों घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, शाम करीब 6 बजे हीरालाल के घर के सामने रास्ते पर उनका पांच वर्षीय पुत्र सार्थक कुमार और पड़ोस के अनोखे लाल का तीन वर्षीय पुत्र अंकुश वर्मा खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक एक सांड वहां आ धमका और बच्चों को रौंदते हुए हमला कर दिया। मासूमों की चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग घरों से बाहर निकल आए। उस समय हीरालाल घर में मशीन से चारा काट रहे थे। शोर सुनते ही वह डंडा लेकर बाहर दौड़े और ग्रामीणों की मदद से सांड को वहां से भगाया। घटना में दोनों बच्चों को चोटें आई हैं। परिजन तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा सांडों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन ये सांड खेतों में खड़ी फसल को नुकसान पहुंचाते हैं और राह चलते लोगों पर हमला कर देते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है।

## एक नजर

### शादी के 20 साल के बाद तीन बच्चों की मां प्रेमी संग लापता

पति ने पुलिस से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में एक विवाहिता के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। पति ने आशंका जताई है कि उसकी पत्नी किसी अन्य व्यक्ति के साथ चली गई है। मामले में पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

थाना शीशगढ़ क्षेत्र के गांव सैजनी निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनकी शादी करीब 20 वर्ष पूर्व मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव नगरिया सादात निवासी रेखा के साथ हुई थी। दंपति के तीन बच्चे हैं। राजेंद्र के अनुसार, 9 फरवरी को उनकी पत्नी अपने मायके नगरिया सादात गई थी। आरोप है कि 28 फरवरी की सुबह लगभग 8:30 बजे वह किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ चली गई और तब से घर वापस नहीं लौटी। राजेंद्र का कहना है कि उनकी पत्नी मोबाइल फोन पर किसी अन्य व्यक्ति से बातचीत करती थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद भी हुआ। उन्होंने पत्नी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ।पति ने मामले की जांच कर पत्नी की बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

### मेडिकल स्टोर पर दवा लेते समय युवक की जेब से 35 हजार किए पार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** इलाज के लिए अस्पताल आए एक व्यक्ति के साथ जेबकतरी की घटना सामने आई है। दवा लेने के दौरान अज्ञात टप्पेबाज ने उसकी जेब से हजारों रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव सिंधौली निवासी ओमकार पुत्र नत्थू लाल ने इज्जतनगर पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पुत्र विशाल की तबीयत खराब होने पर उसे बरेली के मिनी बाईपास स्थित नवोदय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे वह अस्पताल परिसर के पास स्थित मेडिकल स्टोर पर दवा बदलने गए थे।ओमकार के अनुसार, इसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनकी जेब से करीब 35 हजार रुपये निकाल लिए। कुछ देर बाद पैसे गायब होने का एहसास हुआ तो उन्होंने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### परीक्षा देने गई छात्राा प्रेमी के साथ हुई रपफू चक्कर, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे की एक बस्ती की एक छात्रा 25 फरवरी को नगर के जेपीएन इण्टर कॉलेज में कक्षा 10 की परीक्षा देने गई थी और अभी तक घर वापस नहीं लौटी। परिजनों द्वारा तलाश किए जाने के बाद पता चला कि उनकी पुत्री को थाना सुभाषनगर के महेशपुरा के शेर सिंह का पुत्र राजू बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। किशोरी अपने साथ घर में रखे 20 हजार रुपए भी साथ ले गई है। 16 वर्षीय किशोरी की मां द्वारा रविवार को घटना की तहरीर पुलिस को देते हुए पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र में ग्राम प्रधानों की संगोष्ठी, शिक्षा पर मंथन



■ नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता बोले-अखंड भारत निर्माण में शिक्षा सबसे बड़ी ताकत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र में ग्राम प्रधानों एवं स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों की ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा की गुणवत्ता, सामाजिक भागीदारी और राष्ट्र निर्माण में जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने शिक्षकों, विद्यार्थियों और आम जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि अखंड भारत निर्माण के लिए सभी को मिलकर राष्ट्र सेवा के पथ पर आगे बढ़ना होगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के मार्गदर्शक होते हैं और उनके ज्ञान व संस्कार से ही एक अच्छा इंसान और सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभाएं और विद्यालयों के विकास में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि जब समाज और प्रशासन मिलकर काम करते हैं तो शिक्षा की गुणवत्ता स्वत: बेहतर होती है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश जोशी, हरीश गंग. वार, अफजाल अहमद, भारत वीर, प्रेम शंकर, केदार सिंह, मिथुन राय, राजेश्वरी, विवेक त्रिवेदी, मनोज, डॉ. कवींद्र, चंद्रेश्वर दीपक, प्रीति खुलवे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन रवि पाराशरी ने किया। अंत में शिक्षकों की ओर से नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के उत्थान और सामाजिक समन्वय के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# प्रशासन ने होली को लेकर कसी कमर

■ दुनका बाजार में फ्लैग मार्च

■ अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी कड़ी नजर

■ एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारियां कर ली हैं।थाना शाही क्षेत्र के दुनका बाजार में प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च दुनका चौकी से प्रारंभ होकर कस्बे के प्रमुख बाजारों, चौराहों और चिन्हित संवेदनशील स्थानों से होकर गुजरा। पूरे मार्ग में पुलिस बल सतर्क और सक्रिय दिखाई दिया।

इसके बाद मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव जाम में भी पुलिस-प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान उपजिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने गांव जाम स्थित होली स्थल का निरीक्षण भी किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीणों से संवाद कर शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई। फ्लैग मार्च में क्षेत्राधिकारी मीरगंज अजय कुमार, थाना प्रभारी, नायब तहसीलदार अरविंद कुमार सहित पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

अधिकारियों ने दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों से वार्ता कर होली को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने का आह्वान किया।उपजिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह, हुड़दंग या कानून व्यवस्था से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक अथवा भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।क्षेत्राधिकारी अजय कुमार ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलते ही तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी ने बताया कि होली के दृष्टिगत अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है, रात्रि गश्त बढ़ाई गई है तथा आवश्यक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

# होली मिलन समारोह में शामिल हुए दिग्गज, जमकर उड़ाया रंग गुलाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विकासखंड नवाबगंज में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें खंड विकास अधिकारी, विधायक, ब्लॉक प्रमुख ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर रंग गुलाल की वर्षा कर होली खेली।

रविवार को नवाबगंज विकासखंड परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी, ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महासचिव डॉ० मीनाक्षी गंगवार ने गणेश पूजन के साथ शुरू किया। इस मौके पर बीसलपुर तहसील से आए होली की टीम और नगर के इंटर कॉलेज की छात्र-छात्राओं ने मनमोहन झांकियां प्रस्तुत की गई और बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया, लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे के रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने कहा कि होली प्रेम और सौहार्द का त्यौहार है। नशा मुक्त होकर होली के त्यौहार को आपस में मिलजुल कर मनाने का आवाहन किया। इस मौके पर दमखोदा की ब्लॉक प्रमुख स्नेह लता गंगवार अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं। समारोह में गन्ना समिति के चेयरमैन निर्भय गंगवार, एशियन लॉ कॉलेज के एमडी एड नंदकिशोर, खेमकरण गंगवार, डॉ० मधु लता गंगवार, नत्थू लाल आर्य, अतुल गंगवार, गोपाल कृष्ण शर्मा, विनोद गुप्ता, अनुज गंगवार, नीतीश उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि बबलू गंगवार, सौरभ कटियार, राम मोहन गंगवार, राखी गंगवार, डॉ भरत, नरेश गंगवार, सचिन रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# मोबाइल रिपेयर के पैसों को लेकर दुकानदार व ग्राहक में मारपीट, दोनों पक्षों ने दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** शाही क्षेत्र के गांव चकदाह भगोतीपुर में मोबाइल रिपेयरिंग के पैसों को लेकर दुक. ानदार और ग्राहक के बीच विवाद बढ़ गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में दोनों पक्षों को हल्की चोटें आई हैं। मामले में दोनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, भोजीपुरा थाना क्षेत्र के गांव परेवा निवासी नितिन शर्मा की चकदाह भगोतीपुर में मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। नितिन का कहना है कि करीब तीन माह पहले सलमान नामक युवक ने अपना मोबाइल ठीक कराने के लिए दिया था। आरोप है कि मोबाइल ठीक करने के बाद भी सलमान ने मरम्मत के पैसे नहीं दिए। शनिवार शाम जब नितिन ने बकाया रकम मांगी तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई और मामला हाथापाई तक पहुंच गया। वहीं सलमान का कहना है कि उसने मोबाइल सही कराने के लिए दिया था, लेकिन दुकानदार ने मोबा. इल ठीक करने के बजाय उसके कुछ पार्ट्स निकाल लिए, जिससे मोबाइल और अधिक खराब हो गया। सलमान का आरोप है कि वह दुकान के सामने से गुजर रहा था, तभी नितिन और उसके साथियों ने उसे घेरकर मारपीट की। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखने को देवरनियां पुलिस सतर्क

■ कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी कर रहे लगातार निगरानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** होली पर्व को लेकर कोतवाली देवरनियां क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह मजबूत कर दी गई है। कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम इलाके में लगातार गश्त, चेकिंग और निगरानी कर रही है। उनकी सक्रियता और सख्त कार्यशैली के चलते असामाजिक तत्वों में खौफ का माहौल बना हुआ है, जबकि आमजन में सुरक्षा का विश्वास बढ़ा है।



कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी स्वयं देर रात तक क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण कर रहे हैं। उनके निर्देशन में पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है। साथ ही पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि त्योहार के दौरान हुड़दंग, जबरन रंग डालने और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

डायल-112 और पुलिस मोबाइल टीमों को विशेष रूप से अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि किसी भी आपात सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। पुलिस की सक्रियता से क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था पूरी तरह कायम है।

स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने कोतवाली प्रभारी की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सख्ती और सतर्कता से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगा है।

**हर चौराहे पर पुलिस की नजर**

होली को लेकर कोतवाली देवर. नियां पुलिस द्वारा प्रमुख चौराहों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस टीम द्वारा लगातार पैदल गश्त और वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिससे संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।

**कोतवाली प्रभारी ने की आमजन से अपील**

कोतवाली प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने नागरिकों से अपील की है कि होली का त्योहार शांति, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या डायल-112 पर दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# बस अड्डे से अपहृत युवती प्रकरण में आरोपी पकड़ा

■ गश्त के दौरान बहेड़ी पुलिस ने दबोचा, पूछताछ में बोला- साहब मुझसे गलती हो गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पुलिस ने युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कस्बे के बस अड्डे से गश्त के दौरान दबोचा गया। पुलिस ने कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम खिरनी निवासी गोकिल प्रसाद पुत्र राधेश्याम ने थाना बहेड़ी में तहरीर देकर मुक. दमा दर्ज कराया था कि उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया और विरोध करने पर गाली-गलौच कर धमकी दी गई। बहेड़ी पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर महिलाओं के विरुद्ध अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक उत्तरी और क्षेत्राधिकारी बहेड़ी कोतवाली ने टीम गठित की गई। उपनिरीक्षक वंशराज व



उपनिरीक्षक यशपाल सिंह ने हमराह विशेष कुमार के साथ कस्बा क्षेत्र में सघन गश्त की। इसी दौरान बस अड्डा बहेड़ी से मुकदमे में वांछित आरोपी राजू पुत्र हरचरन निवासी ग्राम पिपरिया रंजीत बहेड़ी को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कुबूल करते हुए कहा कि साहब मुझसे गलती हो गई है, मुझे माफ कर दो। पुलिस के मुताबिक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# होली से पहले प्रशासन सख्त, नगर में गूंजे सायरन

■ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर व सीओ अरुण कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ निकाला फ्लैग मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को नगर में उस समय हलचल तेज हो गई जब ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर और सीओ अरुण कुमार ने भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला। सायरनों की आवाज और पुलिस की मौजूदगी से पूरे कस्बे में सुरक्षा का संदेश गूंज उठा।

फ्लैग मार्च नैनीताल रोड से शुरू होकर माथुर रोड, होली चौराहा, शेखुपुर और पंजाबी कॉलोनी सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी और लोगों से शांति एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की हुड़दंग, जबरन रंग डालने, शराब पीकर उत्पात मचाने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की



कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीओ अरुण कुमार ने कहा कि त्यौहार की आड़ में माहौल खराब करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर भी नजर रखी जा रही है। फ्लैग मार्च में कोतवाल पवन कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी शामिल रहे। प्रशासन की इस मुस्तैदी से आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ा है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि होली के दिन भी प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष तैनाती रहेगी, ताकि त्यौहार हंसी-खुशी और शांति के साथ मनाया जा सके।

# खामनेई की शहादत पर सेंथल में निकला मातमी जुलूस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज/ सेंथल।** ईरान- इजरायल युद्ध में ईरान के सुप्रीम लीडर सैयद आयतुल्लाह खामनेई की शहादत की खबर के बाद क्षेत्र के कस्बा सेंथल में शिया समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। शोक स्वरूप रविवार को इमामबाड़ों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हुआ और इसके बाद मातमी जुलूस निकाला गया।

सुबह इमामबाड़ा कलां में मजलिस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। उलेमाओं ने अपने खिताब में हालात पर रोशनी डालते हुए सब्र और एकता का पैगाम दिया। मजलिस के बाद इमामबाड़ा कलां से मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल अकीद. तमंद नॉहाखानी और सीनाजनी करते हुए कस्बे के प्रमुख मार्गों से गुजरे। जुलूस इमामबाड़ा खुर्द पहुंचा, जहां उलेमाओं ने तकरीरें कीं और मरहूम के लिए दुआ-ए-मगफिरत की गई। इसके बाद जुलूस का समापन कर दिया गया। शोक के चलते शिया समुदाय के लोगों ने अपनी दुकाने बंद रखीं और गम का इजहार किया। पूरे कस्बे में मातमी माहौल बना रहा। हर कोई इस घटना पर अमेरिका और इजराइल की निंदा करते नजर आया।

# पिकअप की टक्कर से युवक गंभीर घायल

■ ग्रामीणों ने पीछा कर वाहन पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हुरहुरी गांव में रविवार दोपहर बारात घर के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे जीतू कश्यप गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिजनों ने उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन लेकर मीरगंज कस्बे की ओर फरार हो गया।

ग्रामीणों की सूचना पर जिला पंचायत सदस्य निरंजन यादव ने कुछ युवकों के साथ पीछा कर हल्दी खुर्द गांव में पिकअप को पकड़ लिया। बाद में वाहन को मौके पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इसी दौरान एक अन्य हादसे में हाईवे पर अनुबिस डिग्री कॉलेज के पास बाइक ने साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे गूला गांव निवासी साइकिल सवार घायल हो गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

# डीएम ने आश्रम पद्धति विद्यालय के मरम्मत कार्यों का किया निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने रविवार को भोजीपुरा स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (आश्रम पद्धति विद्यालय) में यूपीसीडको द्वारा कराए जा रहे मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में चल रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण में पाया गया कि विद्यालय में स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास, कक्षाओं और बाउंड्री वाल की मरम्मत, रंगाई-पुताई तथा टाइल्स लगाने का कार्य कराया गया है। छात्रावास की बाउंड्री वाल पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाई-शेप एंगल लगाकर कंटीले तार लगाए गए हैं, ताकि कोई अनाधिकृत व्यक्ति परिसर में प्रवेश न कर सके। कार्यदायी संस्था यूपीसीडको के अधिकारियों ने डीएम को बताया कि मरम्मत कार्य लगभग 70 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है, जबकि अब तक कुल लागत का करीब 50 प्रतिशत भुगतान ही किया गया है। इस पर डीएम ने कार्य की गुणवत्ता बनाए रखते हुए शेष कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर, यूपीसीडको के अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भगत सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# जयपुर में इलाज के दौरान फल व्यापारी की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** नगर पंचायत उझारी के मोहल्ला कुरेशियां शादाब पुत्र इस्लाम उर्फ गामा कुरैशी 45 वर्ष राजस्थान में रहकर अमरूदों का कारोबार करता था शनिवार की शाम लगभग 4:00 शादाब बाइक से कुछ जरूरी सामान लेने जा रहा था पीछे से अज्ञात वहां ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे शादाब बुरी तरह घायल हो गया मौके पर पहुंची पुलिस ने शादाब को जयपुर के ट्रामा सेंटर में भर्ती कर दिया जिससे इलाज के दौरान शादाब 45 ने दम तोड़ दिया शादाब मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, शादाब अपने पीछे पत्नी सकरीन दो बेटी एक बेटा परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया परिजन शव को जयपुर पहुंच गए खबर लिखे जाने तक सब उझारी नहीं आया।

# भड़काऊ गाने बजाए तो होगी कड़ी कार्रवाई

## होली से पहले पुलिस ने डीजे संचालकों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। रविवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तोमर ने डीजे संचालकों की बैठक ली। बैठक में साफ निर्देश दिए गए कि बिना अनुमति डीजे नहीं बजाया जाएगा और तय नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

थाना प्रभारी ने कहा कि होली खुशियों और भाईचारे का त्योहार है, इसे किसी भी हालत में विवाद का रूप नहीं लेने दिया जाएगा। उन्होंने डीजे संचालकों को चेतावनी दी कि भड़काऊ, अश्लील या किसी भी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच. ाने वाले गाने बिल्कुल नहीं बजाए जाएं। यदि इस तरह की कोई शिकायत मिली तो संबंधित डीजे संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और डीजे व अन्य उपकरण भी जब्त कर लिए जाएंगे। पुलिस ने संचालकों को निर्देश दिए कि संगीत निर्धारित डेसिबल सीमा में ही बजाया जाए और प्रशासन व न्यायालय द्वारा तय समय सीमा का पूरा पालन किया जाए। बैठक में मौजूद डीजे संचालकों ने नियमों का पालन करने और सहयोग करने का भरोसा दिलाया। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की कि होली आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं और किसी भी तरह की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# कंराटे में भागीरथी देवी के विवेक ने जीता सिल्वर मेडल

## नार्थ जोन में हुआ चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा आयोजित कराटे प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग) में भागीरथी देवी महाविद्यालय के छात्र ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता जनपद बिजनौर में आयोजित की गई थी।

प्रतियोगिता में भागीरथी देवी महाविद्यालय के छात्र एवं एनसीसी कैडेट विवेक दिलवालिया ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले तक पहुंचकर रजत पदक अपने नाम किया। विवेक की इस उपलब्धि से महाविद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। सिल्वर मेडल जीतने के साथ ही विवेक दिलवा. लिया का चयन नॉर्थ जोन कराटे टीम के लिए भी हो गया है। अब वह आगामी इंटर यूनिवर्सिटी (नेशनल लेवल) कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए 16 मार्च को पटियाला जाएंगे। महाविद्यालय प्रशासन, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं एनसीसी इकाई ने विवेक को इस सफलता पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बच्चों को लुभा रही नए लुक की पिचकारियां

## ट्रेनों व बसों में उमड़ी भारी भीड़





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चार मार्च को होली पर जमकर अबीर, गुलाल उड़ेगा। रंगों का पर्व परिवार के साथ मनाने के लिए विभिन्न राज्यो और शहरों में काम करने वाले लोग घर लौट रहे हैं। स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ है जबकि ट्रेनें फुल चल रही। कई दिन पहले ही अधिकांश ट्रेनों में सीटें भर चुकी है। जिस कारण यात्रियों को मजबूरन जरनल कोच में भीड़ के बीच सफर करना पड़ रहा है। बस स्टैंड पर मुसाफिरों की भीड़ है और बसे भी खचाखच भरी है। दो पहिया वाहनों से भी सफर तय कर लोग घर पहुंच रहे है। बुधवार को रंगों का पर्व होली धूमधाम से मनाया जाएगी। होली के रंगों में सराबोर होने के लिए दिल्ली, मुंबई, बेंगलूर पंजाब समेत कई अन्य शहरों से लोग अपने गृह जनपदों को रवाना हों रहे है। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ रही जबकि ट्रेनें और बसे फुल चल रही है। रविवार को नगर के रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर घर पहुंचने वाले की भीड़ उमड़ पड़ी। ट्रेनों व बसों की भीड़ से बचने के लिए लोग दो पहिया व चार पहिया वाहनों से परिवार संग घरों को लौट रहे है।

### होली पर हर्बल रंग की जमकर खरीदारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** रंगों का पर्व होली की मस्ती में सराबोर होने के लिए बाजार गुलजार है। गुलाल हर्बल रंग पिचकारी गूंजियों व मिठाई की खूब खरीददारी हों रही है। घरों में होली के पकवान बनाने के लिए खोया मैदा ड्राई फ्रूट्स ठंडाई की भी जमकर सेल हो रही है। होली की खुमारी लोगों मे सर चढ़कर बोल रही है। चार मार्च को जमकर अबील गुलाल उड़ेगा जिसको लेकर बाजारों में खरीदारी तेज हो गई है। दुकानों पर बच्चों को आकर्षित करने के लिए नए नए डिजाइन की पिचकारियां दुकानों पर मौजूद है। कलर स्प्रे, बैलून, गुब्बारे भरने वाली व वाटर टैंक पिचकारी बच्चों को खूब भा रही है। बच्चों में पिचकारी को लेकर दीवानगी अधिक रहती है जिसको लेकर बाजार में उनकी पसंद की हर तरह की पिचकारी मौजूद है। बच्चों के मनपसंद छोटा भीम, डोरेमोन, मोटू पतलू वाली पिचकारी की बाजार मे भरमार है। सिंथेटिक कलर से त्वचा को नुकसान न हो इसलिए हर्बल रंग व गुलाल खूब बिक रहा है। दुकानों पर ड्राई फ्रूट्स, मिठाई के गिफ्ट पैक भी उपलब्ध है। होली के रंगों के साथ लोग कपड़ों की भी खरीदारी कर रहे है।

# दिशा समिति के सदस्य बने विधायक



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** विधायक राजीव तरारा को प्रदेश सरकार द्वारा राज्य स्तरीय दिशा समिति का सदस्य मना. ेनीत किए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों में उल्लास का माहौल है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा केन्द्र प्रायोजित विकास योजनाओं की राज्य स्तरीय समीक्षा हेतु मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में राज्यपाल ने निम्नानुसार राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) का गठन किया है। राज्य विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (राज्य स्तरीय दिशा) उप मुख्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग केशव प्रसाद मौर्य इस समिति के सह अध्यक्ष होंगे। इस समिति में इसके अतिरिक्त 12 सदस्य है। राज्य सरकार द्वारा सदस्य विधान मण्डल के 09 सदस्य मना. ेनीत किए गए है, जिनमें से एक से विधायक राजीव तरारा भी हैं। इस समिति द्वारा जिला स्तरीय दिशा समिति में लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा की जायेगी। विधायक को मिली इस अहम जिम्मेदारी से पार्टी कार्यकर्ताओं व पार्टी समर्थकों में उल्लास का माहौल है। विधायक ने बताया कि दिशा की बैठक छह माह के अन्तर्गत होगी।

# होली पर जामा मस्जिद क्षेत्र में बंद रहेगा बाजार

## होली-रमजान में सौहार्द की मिसाल बनेगा धनौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** आगामी होली और रमजान माह को लेकर नगर पालिका में रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, होली समिति और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने मिल-जुलकर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने पर सहमति जताई। बैठक में होली जुलूस के मार्ग और जामा मस्जिद क्षेत्र की संवे. दनशीलता पर विशेष चर्चा हुई। रमजान के कारण शाम के समय मस्जिद के पास नमाजियों और खरीदारी करने वालों की भीड़ रहती है। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जुलूस के समय जामा मस्जिद क्षेत्र के प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। होली समिति के अध्यक्ष एडवोकेट कपिल अग्रवाल ने जुलूस के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग की। पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि धनौरा शहर हमेशा भाईचारे की मिसाल रहा है और आगे भी यही परंपरा बनी रहेगी। शहर इमाम मुफ्ती सईद उर रहमान ने मुस्लिम समाज की ओर से पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि त्योहारों पर शांति बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।इसके अलावा निर्णय लिया गया कि होलिका दहन के समय तिकोने स्कूल से जामा मस्जिद तक का बाजार होलिका दहन के समय बंद रहेगा। यह आश्वासन मुस्लिम कमेटी के पदाधिकारियों ने दिया। इस अवसर पर पवन अग्रवाल, कलुआ सैफी ठेकेदार, शहर इमाम मुफ्ती सईद उर रहमान, कपिल अग्रवाल, नीरज कुमार (एसआई), सुनील प्रजापति, अफजाल सैफी, यासीन अंसारी, लाभ अग्रवाल, शुभ अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# होली मिलन समारोह में भाईचारे व सौहार्द का संदेश

## सोना गार्डन में होली मिलन, फूलों की होली के साथ हुआ सामुहिक भोज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** रविवार को बाईपास मार्ग स्थित सोना गार्डन में ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा के संयोजन में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फूलों की होली से हुई, जिसमें उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे पर पुष्पवर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी अतिथियों के लिए सामूहिक भोज (प्रतिभोज) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, चौधरी दानवीर सिंह, किसान यूनियन के पदाधिकारी, विभिन्न ब्लॉक प्रमुख और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। समारोह में आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का माहौल देखने को मिला। शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लों ने कहा कि हमारे त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान हैं। होली हमें आपसी भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे को अपनाने की सीख देती है। ग्रामीण समाज में ऐसे आयोजन बहुत जरूरी हैं, जिससे भाईचारा मजबूत होता है। ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन



समाज को जोड़ने का काम करते हैं और लोगों के बीच आपसी मेल-मिलाप बढ़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि होली का त्योहार खुशियों और रंगों का त्योहार है। सभी लोग आपसी प्रेम और सौहार्द बनाए रखें, यही होली का सच्चा संदेश है। कार्यक्रम में ममता गुर्जर ब्लॉक प्रमुख हसनपुर , गुरेंद्र सिंह ढिल्लों ब्लॉक प्रमुख अमरोहा, वीरेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र प्रधान, गुरमीत सिंह, यशवीर खटाना, कमल सिंह, अनमोल सिंह, मुनिपाल सिंह, रामवीर सिंह ढिल्लों, विपिन सागर, विवेक सिंह, डूंगर सिंह, देशराज सिंह, सुभाष चीमा, मुनेंद्र सिंह, सोनू गुर्जर, कैलाश सिंह गुर्जर, शरद गर्ग, पप्पू सिंह, गुरुवचन सिंह, अरुण सिंह, कपिल चंद्रा, जयपाल सिंह, हेम सिंह, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाई जाएगी अम्बेडकर जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** डॉ0 भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के आवास पर पहुँचकर उनका भव्य स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने विधायक को पुष्पगुच्छ भेंट किए और आगामी होली के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी।

रविवार को डॉ0 भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गौतम ने सर्वसम्मति से अपनी कमेटी का विस्तार किया। मुलाकात के दौरान समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश गौतम ने आगामी अंबेडकर जयंती की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ष्इस वर्ष जयंती आयोजन की जिम्मेदारी युवा होने के नाते मेरे कंधों पर है। हम सभी के सहयोग से इस वर्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को ऐतिहासिक और अत्यंत धूमधाम के साथ मनाएंगे। उन्होंने आगे जानकारी दी कि नगर में निकलने वाली भव्य शोभायात्रा और मुख्य मंच कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। विधायक ने समिति के इस उत्साह की सराहना की और आयोजन में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस बार जयंती के अवसर पर विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामाजिक संदेश देने वाली झांकियों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर संयोजक रामवीर सिंह, जगवीर सिंह मौर्य, अरविंद कुमार अन्ना, मुकेश जाटव, कविता रानी, पवनराज जाटव, अंकुर सेठी, लवी सागर, दिनेश सिंह, भोला जाटव, प्रिंस कुमार गौतम, कामिल सैफी, पवन कुमार एडवोकेट, गुड्डू, सचिन कुमार और ओमप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।



# लूट के दोषी को ढाई साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** लूट के मामले में कोर्ट ने दोषी को 2 साल 6 महीने 15 दिन जेल की सजा सुनाई तथा तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया। 11 नवंबर 2018 की घटना सैदनगली थाना क्षेत्र की थी। कस्बा ढबारसी के रहने वाले शादाब के साथ लूट की वारदात हुई थी। मामले में सैदनगली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर डिडौली क्षेत्र के गांव मजरा पतेई खालसा के रहने वाले धीरज सिंह उर्फ धीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। फिलहाल वह जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई एसीजेएम तृतीय की कोर्ट में चल रही थी। आखिरी सुनवाई के दौरान पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने धीरज सिंह उर्फ धीर को दोषी करार दिया। 2 साल 6 महीने 15 दिन के जेल की सजा सुनाई तथा तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

# कृषक गोष्ठी में वैज्ञानिकों ने बताए खेती के उन्नत तरीके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** चीनी मिल गेट क्षेत्र के ग्राम पीपली तगा में बसंतकालीन कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को गन्ना खेती के उन्नत तरीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।

मुजफ्फरनगर शोध संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओमकार सिंह जोशिया (पादप प्रजनक) ने किसानों को गन्ना प्रजातियों की पहचान, खेत की सही तैयारी, ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई, कीट व रोग नियंत्रण तथा पेड़ी (रैटून) फसल के बेहतर प्रबंधन के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सही प्रजाति और वैज्ञानिक तरीके अपनाकर किसान पैदावार और आमदनी दोनों बढ़ा सकते हैं। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक धनौरा परिषद अमरोहा ने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।प्रमोद कुमार ने चीनी मिल द्वारा गन्ना खेती में उपयोग होने वाले यंत्रों पर दी जा रही छूट, ट्राइकोडर्मा व ब्यूवेरिया बेसियाना का निशुल्क वितरण तथा विभाग द्वारा स्वीकृत प्रजातियों की ही बुवाई करने पर जोर दिया। वहीं बृजमोहन (कार्पोरेट) ने मृदा स्वास्थ्य पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मिट्टी की जांच कराकर संतुलित खाद का प्रयोग करने से फसल मजबूत होती है और उत्पादन बढ़ता है। इस मौके पर चीनी मिल के सभी स्टाफ मौजूद रहे। किसानों ने गोष्ठी को उपयोगी बताया और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने का भरोसा दिलाया।

# होली गीतों व सामुहिक नृत्य ने मन मोहा

## अग्रवाल सभा की ओर से 'होली मिलन समारोह' आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** महिला अग्रवाल सभा के तत्वाधान में 'होली मिलन समारोह' का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। एक दूसरे को रंग-गुलाल व फूलों की वर्षा करके होली की शुभकामनाएं दीं।

रविवार को नगर के अग्रवाल सभा में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा होली के गीतों पर सामुहिक नृत्य, होली गीत, लोकनृत्य आदि की प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर लिया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर अग्रवाल सभा की

### ■ एक दूसरे को गुलाल लगाकर दी बधाई

अध्यक्षा विनीता गर्ग ने कहा कि, होली का पर्व कहा कि हमें एक दूसरे के प्रति स्नेह की भावना अपनाने की प्रेरणा देता है। कहा कि होली का त्यौहार केवल रंगों का पर्व ही नहीं बल्कि यह पर्व हमें जीवन में आनंद की अनुभूति तथा दूसरों के साथ खुशी मनाते हुए जीने का संदेश भी देता है। कार्यक्रम के समापन पर एक दूसरे को गुंजिया खिलाकर खुशी का इजहार किया गया। इस मौके पर खुशबु गोयल, रचना सिंघल, रजनी, सुमन, शिवांगी, श्वेता, अंजली, गीता, अलका, दीप्ति, प्रीति, सरिता, अनीता आदि मौजूद रहे।

# अनिल बने जेएस इंटर कालेज के अध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** टी.जी.सी. हिन्दू स्कूल एवं जे.एस. हिन्दू इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति के चुनाव में अनिल स्वरूप टण्डन को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। जबकि पंकज कुमार गुप्ता प्रबंधक व मधु बाहेती कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित की गईं। रविवार को प्रबंध समिति का चुनाव हुआ। अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो नामांकन प्राप्त हुए, जबकि उपाध्यक्ष, उपमंत्री, प्रबंधक और सात सदस्य पदों के लिए एक-एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया। अध्यक्ष पद पर प्रतुल शर्मा व कोषाध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार भल्ला ने अपने-अपने नामांकन पत्र वापस ले लिए। नाम वापसी के बाद सभी पदों पर एक-एक प्रत्याशी शेष रह गए, जिन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर अनिल स्वरूप टण्डन, उपाध्यक्ष पद पर लीलाधर अरोड़ा, प्रबंधक पद पर पंकज कुमार गुप्ता, उपप्रबंधक पद पर सलिल नाथ, कोषाध्यक्ष पद पर मधु बाहेती तथा सदस्य पदों पर विमल कुमार टण्डन, योगेश जैन, मुदित माथुर, अनिल माथुर, आशीष भालवर, रमेश चांदना और इन्द्रेश गुप्ता शामिल हैं। इस अवसर पर शिव स्वरूप टण्डन, दिवेश बाहेती, सुधीर कुमार भल्ला, राजनाथ गोयल, विनय आर्य, सौरभ गुप्ता, संजय मालीवाल, गिरीश अग्रवाल, संजीव माहेश्वरी, विवेक नारायण, डॉ. हिमांशु, अजय गर्ग आदि मौजूद रहे।

# मुख्य रास्ता खराब होने से लोग परेशान

## वार्ड संख्या 05 व वार्ड संख्या 18 के मध्य स्थित है यह मुख्य रास्ता


**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के मुहल्ला अल्लीपुर भूड़ व मछली मंडी के क्षेत्र में बना पक्की सड़क न होने के कारण

### ■ नागरिकों ने डीएम को भेजा शिकायती पत्र

लोगों को खराब रास्ते से होकर ही निकलना पड़ रहा है। यहां पर भरे पानी और कीचड़ के बीच से निकलने में स्कूली छात्र-छात्राओं सहित बच्चों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

लोगों द्वारा जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र के मुताबिक नगर के मछली मंडी गजरौला में हाइवे से अल्लीपुर वार्ड संख्या 05 तक जाने वाला मुख्य रास्ता बहुत खराब स्थिति में है। इस कारण स्कूल के बच्चों और



आने जाने वाले लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के मकान के दीवारों में भी पानी के कारण सीलन बैठ चुकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार उन्होंने वार्ड संख्या 05 के सभासद पति सुभाष व वार्ड संख्या 18 के सभासद नफीस के साथ ही चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी को भी इस बारे में बताया है मगर अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। शिकायती पत्र पर जसवीर सिंह, आसमा, सुनीता, नेमवती, बाला, मीरा सैनी, खुशनुमा, हरीश ठाकुर, अजय ठाकुर, कीर्ति, गुलशन, रूद्र ठाकुर आदि के हस्ताक्षर हैं।

# आयतुल्लाह अली खघमेनेई की शहादत इंसानियत का कत्ल है : नवेद मियां

### – ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने शोक जताया

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन में अल्पसंख्यक कल्याण एवं हज राज्यमंत्री रहे नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खघमेनेई की मौत की खबर को बेहद अफसोसनाक बताया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा है कि ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत इंसा. नियत का कत्ल है। उनका कहना है कि यह केवल एक समुदाय का नहीं, बल्कि पूरी मानवता का मुद्दा है। वो सिर्फ ईरान के लीडर नहीं थे, बल्कि पूरी दुनिया के लोग उनसे



मोहब्बत और अकीदत रखते थे। फिलिस्तीन के ऊपर इजराइल के हमले के खिलाफ आवाज खामेनेई ने ही बुलंद की थी। वो हर कमजोर, गरीब और मजलूम की आवाज थे। आज पूरी दुनिया ने देख लिया कि अमेरिका और इजरायल ने किस तरीके से दहशतगर्दी की है। पूरी मिडल ईस्ट को जंग की आग में झोंक दिया है। दुनिया के हर एक मुल्क और हर इंसाफ पसंद इंसान को अमेरिका और इजरायल की इस दहशतगर्दी की निंदा करनी चाहिए, क्योंकि जिस तरीके से ये पूरी दुनिया को जंग में धकेल रहे हैं वो अफसोजनक है।

# संदिग्ध हालात में किसान की छत से गिरकर मौत, परिजनों का हंगामा



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**सैदनगर।** थाना टांडा क्षेत्र के सैदनगर चौराहे पर शनिवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में एक किसान की छत से गिरकर मौत हो गई। घटना के बाद परि. जनों ने छत से गिराने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। कुछ लोगों ने पुलिस चौकी का घेराव भी किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर स्थिति को शांत कराया।

जानकारी के अनुसार सरकड़ी के मझरा नबीगंज निवासी किसान धर्मपाल (45 वर्ष) शनिवार रात किसी काम से सैदनगर चौराहे पर गए थे। बताया जा रहा है कि वह एक भवन की दूसरी मंजिल पर जा रहे थे, तभी संदिग्ध हालात में छत से नीचे गिर गए। आसपास के लोगों ने उन्हें नीचे गिरा देखा तो तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी कुछ ही देर में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए और हत्या का आरोप लगाते हुए विरोध जताने लगे। परिजनों का कहना था कि धर्मपाल को छत से धक्का देकर नीचे गिराया गया है। इसी बीच कुछ लोगों ने चौकी का घेराव भी कर दिया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी टांडा और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप मिश्रा ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परि. जनों की तहरीर के आधार पर पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी गई है। किसान की अचानक हुई मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ।

# शहर मुफ्ती मकसूद साहब की जिला इंतजामिया से दरख्वास्त

### सभी मजहबी मुकघमात पर हो खास सुरक्षा इंतजामात, आवाम से अपील शांतिपूर्वक ढंग से मनाएं सभी त्यौहार

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** मस्जिद ए अक्सा चौराहा मिस्टन गंज के शहर मुफ्ती मकसूद साहब ने आने वाले दो अजीम पर्व होली और ईद और के पेशे नजर जिला इंतजामिया से दरखघ्वास्त की है कि तमाम धार्मिक स्थलों पर खघस सुरक्षा इंतजामात यकीनी बनाए जाएँ। उन्होंने फरमाया कि होली और ईद हमारे मुल्क की गंगा-जमुनी तहजीब की रौशन मिसाल हैं। ये दोनों त्योहार मोहब्बत, भाईचारे और यकजहती का पैगाम देते हैं। ऐसे पुरअजमत मौकघें पर मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और दीगर इबादतगाहों पर मुकम्मल सुरक्षा बंदोबस्त होना बेहद जरूरी है, ताकि हर तबकघ-ए-फिक्र का शखघ्स इत्मीनान के



साथ अपने मजहबी फराइज अंजाम दे सके। मुफ्ती मकसूद साहब ने अहल-ए-शहर से भी अपील की कि आपसी एहतराम, सब्र व तहम्मुल और भाईचारे की फिजा को बरकघ्रार रखें। एक-दूसरे की खघुशियों में शरीक होकर अम्नो-अमान और इत्तेहाद का पैगाम आम किया जाए। उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी मुस्तैदी और जिम्मेदारी के साथ अपने फर्ज अदा करेगा और शहर में अम्नो-सुकून की फिजा कघयम रखेगा। शहर के सामाजिक और मजहबी हलकों ने भी इस अपील का इस्तकघ्बाल करते हुए कहा कि ऐसे सकारात्मक बयानात समाज में मोहब्बत, हमआहंगी और इत्तेहाद को मजबूती देते हैं। त्योहारों के इस पुरखुलूस मौसम में रामपुर एक बार फिर भाईचारे और यकजहती की रौशन मिसाल पेश करने को तैयार है।

# आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांति के साथ मनाएं होली का पर्व : सीओ

### स्वार क्षेत्राधिकारी ने होलिका दहन स्थलों का किया निरीक्षण

### सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी स्वारअतुल कुमार पांडे ने रविवार को थाना स्वार क्षेत्र के होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया। यह निरीक्षण होली पर्व से पहले सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए ताकि पर्व के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। क्षेत्राधिकारी ने होलिका दहन स्थलों पर



अग्नि सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और संवे. दनशील बिंदुओं पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन हो। उन्होंने आमजन से अपील की कि होली का पर्व आपसी सौहार्द, भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। पर्व की गरिमा बनाए रखने में सभी नागरिक सहयोग करें। साथ ही, क्षेत्राधिकारी ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने की भी अपील की।

# मदारपुर-जयतोली रोड निर्माण पर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

### तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जल निकासी समस्या का समाधान कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**शाहबाद।** मदारपुर-जयतोली लिंक रोड परियोजना के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप था कि सड़क एक संकरे रास्ते और जल निक. ासी की समस्या वाले सरकारी खड़ंजे से निकाली जा रही है। सूचना मिलने पर तहस. ीलदार अमित कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते हुए जल निकासी के उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।यह परियोजना पटवाई के मदारपुर से शाहबाद के जयतोली लिंक रोड को जोड़ने के लिए है। इसके तहत मदारपुर में एक पुल का निर्माण भी किया गया है। यह सड़क मड़ैयान बदे गांव से होकर शाहबाद-जयतोली रोड पर मिल रही है, जिससे शाहबाद से पटवाई जाने वाले यात्रियों के लिए लगभग 9 किलोमीटर की दूरी कम हो जाएगी।परियोजना का कार्य पहले



मड़ैयान बदे गांव के एक किसान द्वारा बाधित किया गया था। किसान अपनी जमीन के लिए सर्किल रेट से अधिक मुआवजे की मांग कर रहा था और उसने लोक निर्माण विभाग (च्ॅक्) के खिलाफ अदालत में मामला भी दायर किया था। इस कारण सड़क निर्माण का काम प्रभावित हो रहा था।आवागमन को सुचारू रखने के उद्देश्य से प्रशासन ने मड़ैयान बदे गांव के पास से गुजर रहे सरक. ारी खड़ंजे की पैमाइश कराई। पैमाइश में खड़ंजे की चौड़ाई 5.5 मीटर पाई गई, जो सड़क निर्माण के लिए पर्याप्त थी। इसके बाद कार्यदायी संस्था ने परियोजना का काम जारी रखने के लिए इस सरकारी खड़ंजे पर मिट्टी डालकर सड़क बनाना शुरू कर दिया।ग्रामीणों द्वारा उठाए गए जल निकासी के मुद्दे को भी स्थानीय प्रशासन ने मौके पर ही हल कर दिया। तहसीलदार के निर्देश पर जल निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं, जिससे ग्रामीणों का विरोध शांत हो सका।किसान द्वारा दायर मामले के कारण परियोजना का एक हिस्सा अभी भी अदालत के फैसले पर निर्भर है। किसान की लगभग 200 मीटर जमीन सड़क के दायरे में आ रही है, जिसके लिए वह कई गुना अधिक मुआवजा मांग रहा है। फिलहाल, परियोजना को सरकारी खड़ंजे के रास्ते से पूरा किया जा रहा है और आगे का निर्णय अदालत के फैसले के बाद लिया जाएगा।

# मुस्लिम महासंघ ने खेली फूलों की होली



**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर,संवाददाता।** रामपुर अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ के कार्यकर्ताओं ने गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए रविवार को आंबेडकर पार्क में फूलों की होली खेली। इस दौरान एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की मुबारकबाद पेश की। मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही सभी लोगों से भाईचारे के साथ एक दूसरे के त्योहारों में शामिल होने की अपील की। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फरहत अली खां ने कहा कि होली रंगों व आपसी भाईचारे का त्योहार है। होले का त्यौहार अलग- अलग रंगो को एक कर देता है। रामपुर में हर साल इस पावन पर्व के अवसर पर्र हिंदू व मुसलमान फूलों की होली खेलकर अमन और भाईचारे का संदेश देते हैं। हमारे देश की संस्कृति भी यही है कि सभी धर्मों के लोग एक दूसरे के खुशी और गम में बराबर शरीक होते रहे हैं। यह परंपरा वर्षों नहीं सदियों पुरानी है, जो सूफी संत शायर कवि और बादशाहों की देन है, जिसे इतिहासकारों ने अपनी रचनाओं में भी लिखा है। कहा कि होली में दुश्मन भी गले बन जाते हैं। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत है। यह गंगा जमुनी और सांप्रदायिक सौहार्द का प्रतीक है। इस मौके पर सभी को संकल्प लेना चाहिए कि आपसी भाईचारा बनाए रखेंगे। इस अवसर पर मुनीश शर्मा, अवतार सिंह, प्रमोद आहूजा, रवि मेहरा, नदीम खान आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मिलक में अलग-अलग सड़क हादसों में महिला समेत पांच घायल

### सभी को सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**मिलक।** नगर और आसपास के इलाकों में रविवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पहला हादसा हाईवे स्थित क्योरार बाईपास के पास पेट्रोल पंप पर हुआ। जिला पीलीभीत के बिलसंडा निवासी अर्जुन बाइक से जा रहे थे, तभी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

दूसरा हादसा भी उसी पेट्रोल पंप के समीप हुआ, जहां ग्राम भैसोड़ी निवासी पप्पू की बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीसरा और चौथा हादसा नगर के बिलासपुर रोड स्थित ग्राम तिराह के पास हुआ। थाना शीशगंज क्षेत्र के ग्राम सैंजनी मानपुर निवासी अरविंद किसान मेले से लौट रहे थे, तभी अज्ञात बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए।

वहीं एक अन्य हादसे में थाना शाहबाद क्षेत्र के मोहल्ला हजीरा निवासी गोपी अपनी मां राजबीना के साथ शेरगढ़ से घर लौट रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायल हो गए। सभी घायलों को एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# गौ सेवा गोपाल सेवा समिति के कार्यक्रम में पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने सुनाई नरसी मेहता और भगवान कृष्ण की लीला

### समिति ने बताया: भक्ति और परिवारिक रिश्तों का संदेश, पंडित जी ने कहा- भगवान को समर्पित कार्य में ही सफलता है

**शाह टाइम्स संवाददाता।**

**रामपुर।** ज्वाला नगर गौ सेवा गोपाल सेवा समिति रामपुर के आयोजन में राम मनो. हर लोहिया पार्क में विश्राम दिवस की कथा का आयोजन किया गया। पंडित कन्हैयालाल शर्मा ठाकुर जी महाराज ने उपस्थित भक्तों को नरसी मेहता और भगवान कृष्ण की कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कैसे भगवान कृष्ण ने नरसी मेहता को सांवरिया सेठ के रूप में 56 करोड़ का मायरा भरने की कृपा दी और उनके कठिन समय में सहायता प्रदान की। पंडित जी ने कहा कलयुग में जीव मात्र के लिए भगवान की भक्ति सर्वोपरि है। यदि हम अपने कार्यों को भगवान को समर्पित कर करें तो सफलता निश्चित है। पिता और बेटी का रिश्ता अटूट है, और यह रिश्ते की मजबूती







जीवन में प्रेरणा देती है।" समिति के प्रति. निधियों ने बताया कि कथा के माध्यम से भक्ति के महत्व और पारिवारिक रिश्तों की अहमियत को समझाने का प्रयास किया गया। समिति के अनुसार, नानी बाई की पुत्री के विवाह पर आयोजित इस कथा कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान की भक्ति का संदेश ग्रहण किया। कथा के अवसर पर यजमान के रूप में संदेश अग्रवाल, संधि संजीव यादव, नरेश गुप्ता, श्रीमती मीना अग्रवाल, बीना अग्रवाल, शैलेंद्र गुप्ता, सीता गुप्ता, करूं रस्तोगी, आर.के. शर्मा, आशा शर्मा, उषा शर्मा और कई अन्य उपस्थित रहे। व्यास पीठ का पूजन भी यजमानों और भक्तों ने किया। कथा के अंत में समिति की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। उपस्थित भक्तों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल भक्ति को बढ़ावा देते हैं, बल्कि परिवार और समाज में प्रेम व सहयोग की भावना भी मजबूत करते हैं।

# अयातुल्लाह अली खामेनेई थे दुनिया में मजलूमों की आवाज



अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद अब्दुल्लापुर में प्रदर्शन करते शिया समुदाय के लोग।

### ■ अमेरिका और इजराइल के खिलाफ शियाओं का बड़ा विरोध प्रदर्शन
### ■ सड़क पर निकल मुस्लिमों ने हमले को बताया इंसानियत के खिलाफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** अब्दुल्लापुर मेरठ में आयोजित एक धार्मिक सभा में शिया आलिम ने अपने संबोधन में वली-ए-फकीह, रहबर-ए-मोअज्जम सैयद अली खामेनेई की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह केवल ईरान के राजनीतिक नेता नहीं थे, बल्कि विश्वभर के शियाओं के लिए एक महान धार्मिक प्राधिकारी और मार्गदर्शक थे।

अपने संबोधन में उन्होंने रहबर के उस प्रसिद्ध कथन को याद किया कि 'हम दुनिया के हर मजलूम की मदद करेंगे, चाहे उसका धर्म या नस्ल कुछ भी हो।' वक्ता ने कहा कि यह केवल एक नारा नहीं था, बल्कि उनकी पूरी जिंदगी इसी सिद्धांत पर आधारित रही। उन्होंने उन शंकाओं का भी उत्तर दिया जिनमें यह कहा जा रहा है कि उनके बाद विलायत-ए-फकीह के प्रणाली का क्या होगा। आलिम ने स्पष्ट किया कि यह प्रणाली किसी एक व्यक्ति पर निर्भर नहीं है बल्कि यह इमाम-ए-जमाना (अ.ज.) से जुड़ी एक निरंतर श्रृंखला है। उन्होंने बताया कि वली-ए-फकीह का चयन एक स्थापित संवैधानिक और धार्मिक प्रक्रिया के तहत मजलिस-ए-खुबरेगान रहबरी द्वारा किया जाता है, जो उच्च कोटि के फुकहा पर आधारित संस्था है।

सभा के अंत में उपस्थित लोगों ने न्याय, सत्य और मजलूमों की हिमायत के मार्ग पर चलने के संकल्प को दोहराया और हुसैनी चौक तक पैदल मार्च करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताते हुए वापस इमामबाड़ा कोट में इस प्रदर्शन को खत्म किया।

## खामेनेई की शहादत के बाद गमजदा हुआ शिया समुदाय



**जानी खुर्द।** ईरानी नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत के बाद पूरे देश और दुनिया में धरना प्रदर्शन जारी है। लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर अपने नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई के फोटो लेकर गुस्सा जाहिर किया। सब ने कहा कि इजराइल हमेशा आतंकवाद को पनाह देता है। रसूलपुर धौलडी में हुसैनी चौक पर शिया समुदाय के लोगों ने आयतुल्लाह अली खामेनेई को शहीद करार दिया और उनके लिए गम जाहिर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे नेता बार-बार पैदा नहीं होते। वह शहीद हुए हैं और इजराइल का हम विरोध करते हैं। इजरायल ने हमेशा आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। ईरान अब इसराइल को नहीं छोड़ेगा। यह न समझे कि हमारे नेता के जाने के बाद ईरान अकेला पड़ गया अब इजरायल नहीं बचेगा। इस मौके पर मोहम्मद काजमी, नगिन काजमी, जमा काजमी, अली मेहंदी, पप्पू काजमी, सुलेमान अब्बास, हसन अब्बास, साजिद हुसैन, अमजद हुसैन, नजीर नकवी जफर, अब्बास तनु काजमी आदि मौजूद रहे।



## खामेनेई की मौत के बाद शिया समुदाय के लोगों में रोष

### ■ शहादत पर कहा इजराइल और अमेरिका चुकाएंगे कीमत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** इजराइल व अमेरिका के साथ कई देशों के द्वारा एक साथ ईरान पर किए गए हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई जिसके बाद दुनिया भर में इजराइल और अमेरिका के खिलाफ लोगो का गुस्सा देखने को मिल रहा है। इस हमले में सैकड़ों को मौत की पुष्टि हो चुकी है। वहीं सैकड़ो लोग घायल हैं। खामेनेई की मौत के बाद मुस्लिम जगत में शोक की लहर है। वहीं खासतौर से शिया समुदाय में आक्रोश है। भारत मे भी विरोध की मजबूत गूंज सुनाई दे रही है। वहीं मेरठ के रसूलपुर धौलड़ी में भी लोगों ने इस हमले को आतंकी हमला बताया और इसे हत्या करार दिया। इस दौरान शिया समाज ने बेबाक होकर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। शिया समुदाय के लोगों ने कहा कि इजराइल ने हमेशा आतंकवाद को बढ़ावा दिया है और अयातुल्लाह अली खामेनेई जैसे मसीहा बार-बार पैदा नहीं होते वह दूसरे लोगों के लिए शहीद हो गए। उन्होंने हमेशा दूसरे लोगों की मदद की। आज उनके जाने के बाद सभी लोगों के दिल में दर्द है क्योंकि उनके जैसा महान नेता बार-बार पैदा नहीं होता। लोगों ने कहा कि खामेनेई लड़ते-लड़ते शहीद हुए हैं और इसका बदला ईरान लेगा।



अयातुल्लाह अली खामेनेई के शहीद होने से पूरे देश विदेश में गुस्सा है। इजराइल ने जो हमला इरान पर किया है उसका बदला लिया जाएगा अयातुल्लाह अली खामेनेई हमेशा दूसरों के लिए खड़े रहे हैं। उन जैसा मसीहा बार-बार पैदा नहीं होगा। **-तनवीर काजमी**



आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर सुनने से बहुत गहरा दुख पहुंचा है। आज हमारे नेता ही नहीं हमारे सब कुछ इस दुनिया से चले गए। वह हमेशा दूसरों के लिए लड़े इसराइल के हम खिलाफ है और उसका विरोध करते हैं। उसने हमेशा आतंकवाद को बढ़ावा दिया। **-नगीन काजमी**



आयतुल्लाह अली खामेनेई जैसे नेता बार-बार पैदा नहीं होते। उन्होंने हमेशा दूसरों की लड़ाई लड़ी। आज वह शहीद हो गए। इजराइल का हम कड़ा विरोध करते हैं। इजराइल को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। **-नाजिर काजमी**



इजराइल ने ने हमेशा आतंकवाद को बढ़ावा दिया है। आयतुल्लाह अली खामेनेई जैसे मसीहा इस दुनिया से चले गए। आज वह शहीद हो गए। उनके जाने से हमारे समाज को ही नहीं हर समाज को दुख है। **-आरजू काजमी**



अयातुल्लाह अली खामेनेई को शहादत मिली है। यह हमला आतंकी था। इजराइल जिस तरह से आतंकवाद को पनाह देता है। अब अयातुल्लाह अली खामेनेई के शहीद होने के बाद ईरान इजराइल को छोड़ेगा नहीं और हम अमेरिका व इजराइल के खिलाफ हैं। **-जमा काजमी**

## किदवई नगर के पीड़ित परिवार से मिले सांसद चंद्रशेखर आजाद

### हादसे पर जताया दुःख, हर संभव मदद करने का दिलाया भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद मेरठ के किदवई नगर पहुंचे जहां 23 फरवरी को थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के किदवई नगर में रहने वाले इकबाल अहमद के घर में अचानक आग लग गई थी, जिसमें उनकी एक पुत्रवधू रुखसार के अलावा पांच बच्चों की दम घुटने से मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद से ही पीड़ित परिवार से सांत्वना देने वालों का तांता लगा है।



आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद रावण रविवार को समय करीब दोपहर 1.30 बजे किदवई नगर में अग्निकांड व आग से झुलस लोगों के परिवार वालों से घंटे बात और मुलाकात के बाद उन्होंने पीड़ित परिवार से पूरा घटनाक्रम जाना और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। अग्निकांड में मारे गए परिवार वालों के लोगों से नेता आना-जाना लगा हुआ है। पहले भी समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के लोग भी पहुंचे थे। जहां रविवार को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद भी पहुंचे। पहले भी समाजवादी पार्टी के विधायक शाहिद मंजूर, रालोद विधायक गुलाम मोहम्मद के अलावा आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी परिवार से मिलकर सांत्वना दे चुके हैं। उन्होंने भी हादसे पर दुःख जताया था और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया था। चंद्रशेखर आजाद ने पीड़ितों के पिता को गले लगाकर सांत्वना दी। चंद्रशेखर आजाद समय करीब एक घंटा किदवई नगर में रुके। उनके साथ पार्टी के कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। वहीं पार्टी के कार्यकर्ता फहीम रंगरेज व अनस कुरैशी चंद्रशेखर आजाद को सीधे पीड़ित परिवार के घर ले गए जहां परिवार से उनकी मुलाकात होनी थी। इकबाल अहमद को देखते ही वह खड़े हो गए और उन्हें गले लगाया। इसके बाद इकबाल अहमद के हर बेटे से वह मिले और उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान फहीम रंगरेज जिला महासचिव, चरण सिंह जिला अध्यक्ष, उवीक साकिब, जाकिर खुवाजा, शावेज सलमानी, निसार अंसारी पहलवान, राशिद अंसारी, साकिब रंगरेज, जुल्फुकार सलमानी, एड. राय बहादुर सिंह समेज दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## त्यागी समाज को एकजुट होकर दिखानी होगी ताकतः मांगेराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में युवा नेता गगन त्यागी के आवास पर पहुंचे त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने कहा कि आज त्यागी समाज की अपेक्षा हो रही है, भाजपा में कभी पहले हर जिले में त्यागी समाज का जिला अध्यक्ष बनाया जाता था लेकिन आज पूरी यूपी से त्यागी समाज का सूपड़ा साफ कर दिया है। आज त्यागी समाज खुद को ठगा सा महसूस कर रहा है अब वह समय आ गया है कि समाज को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखानी होगी तभी राजनीतिक दल त्यागी समाज को समझ कर इज्जत करेंगे और उनकी तरफ हाथ बढ़ाएंगे। मांगेराम त्यागी ने कहा कि यूजीसी का सभी लोगों को मिलकर विरोध करना चाहिए यदि यूजीसी कानून लागू हुआ तो स्वर्ण समाज के बच्चे पढ़ने की जगह जेल में जाएंगे और मैं झूठे केसो में उन्हे फंसाया जाएगा। वहीं उन्होंने त्यागी समाज से आह्वान किया कि सभी आपसी मतभेदों को बुलाकर एकजुट हो जाए आज एकता में ही बल है। मांगेराम त्यागी ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर सचिन त्यागी, अनुज त्यागी, पिंटू सोनू त्यागी, अनित त्यागी, राहुल त्यागी, आशीष त्यागी, पवनवीर त्यागी, अतुल त्यागी सहित दर्दन के त्यागी समाज के लोग मौजूद रहे।

### किठौर में बसपा की समीक्षा बैठक

## 2027 में मायावती को पांचवीं बार सीएम बनाने का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** रविवार को किठौर स्थित आरके रिसोर्ट में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तीन मंडलीय स्तरीय कार्यकर्ता कैडर कैम्प समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमे मेरठ मंडल मुरादाबाद व बरेली के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। जिसके मुख्य अतिथि पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी मुनकाद अली पर्व सांसद राष्ट्रीय महासचिव बहुजन समाज पार्टी रहे, विशेष अतिथि के रूप में पूर्व एमपी गिरीश चंद रहे। अध्यक्षता विजय सिंह मंडल प्रभारी ने की तथा संचालन पूर्व मंडल प्रभारी शाहजहां सैफी एडवोकेट ने किया। इस बैठक में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा जनाधार बढ़ाने का संकल्प लिया। मेरठ, मुरादाबाद और बरेली मंडलों की जिम्मेदारी संभाल रहे बसपा महासचिव एवं पूर्व राज्यसभा सांसद मुनकाद अली ने बैठक को





संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में बदलाव चाहती है। मुनकाद अली ने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी (सपा) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शासनकाल में कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार और सांप्रदायिक सौहार्द जैसे मुद्दों पर जनता में असंतोष है। उन्होंने दलित-मुस्लिम एकजुटता को भाजपा के खिलाफ एक प्रभावी विकल्प बताया। मुनकाद अली ने दावा किया कि अब समाज के विभिन्न वर्गों का रुझान बसपा की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने पार्टी सुप्रीमो मायावती को कानून के राज की पक्षधर बताते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की नीतियों को बूथ स्तर तक पहुंचाएं।

आगामी 15 मार्च को मान्यवर काशीराम साहब का जन्मदिन प्रेरणास्थल नोएडा पर सब के कार्यकताओं से इकट्ठा होकर जन्मदिन मनाने की अपील की मुनकाद अली ने संगठनात्मक ढांचे को सशक्त करने पर जोर दिया, ताकि 2027 में मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया जा सके। विशिष्ट अतिथि एवं पूर्व सांसद गिरीशचंद्र जाटव ने अपने संबोधन में कहा कि बसपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का मिशन है। उन्होंने बताया कि यह मिशन सामाजिक न्याय, समान अधिकार और समतामूलक समाज की विचारधारा पर आधारित है। गिरीशचंद्र जाटव ने कार्यकर्ताओं से 2027 में पूर्ण बहुमत सुनिश्चित करने और 2029 में राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में विजय सिंह जाटव, अखिलेश अंबेडकर, रणवीर कश्यप, विजय सिंह, शम्सुल कमर, ओमप्रकाश कश्यप और अयोध्या प्रसाद गंगवार, ज़र मलिक, दिनेश काजीपुर, मोहित जाटव, महावीर प्रधान, जगरूप जाटव, रवि जाटव, डॉक्टर कर्दम, मनोज जाटव सहित कई पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। इन सभी ने संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन और संगठनात्मक एकजुटता के संकल्प के साथ हुआ।

## लावड़ चौकी में शांति समिति की बैठक आयोजित

### ■ इंचौली थाना प्रभारी ने आगामी त्यौहारों को लेकर किया बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** आगामी होली व ईद के त्यौहारों को देखते हुए इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी व लावड़ चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों व व्यापारियों के साथ बैठक की। इस दौरान थाना प्रभारी ने क्षेत्र के लोगों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सुझाव भी मांगे और साथ ही सख्त लहजे में कहा कि आगामी त्यौहारो पर हुड़दंग करने व माहौल खराब करने वाले लोगों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने सभी से शांति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की। वहीं चौकी प्रभारी कुमार गौरव सिंह ने कहा कि त्यौहार के समय सभी लोग मिल जुलकर रहें एक दूसरे के साथ प्यार बांटे। उन्होंने कहा कि अगर किसी ने भी माहौल खराब करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि त्यौहारों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस गश्त भी



गणमान्य लोगों के साथ बैठक करते इंचौली थाना प्रभारी।

बढ़ाया जाएगा। वहीं चेयरपर्सन पति हाजी शकील कुरैशी ने भी कहा कि किसी भी त्यौहार पर हमारे कस्बे के साथ साथ क्षेत्र के गांवों में भी कभी कोई माहौल खराब नहीं होता है यहां सभी लोग मिलजुलकर त्यौहार मनाते है। हमारा कस्बा हिन्दू मुस्लिम एकता की मिसाल है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से हाजी शकील कुरैशी के अलावा ईश्वर प्रधान महल, रामभूल प्रजापति, अनुज शर्मा, रोशन सैनी, धर्मवीर जाटव, इरशाद, अब्दुल हक, हाजी नफीस, उबैद, तैमूर खरदौनी, धर्मपाल आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


## परीक्षितगढ़ पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

### ■ त्यौहारों के मद्देनजर 150 संदिग्ध व्यक्तियों को रेड कार्ड किए जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए थाना परीक्षितगढ़ पुलिस ने सख्त कदम उठाए हैं। पुलिस ने क्षेत्र में संभावित उपद्रव की आशंका को देखते हुए 150 संदिग्ध व्यक्तियों को रेड कार्ड जारी कर उन्हें चेतावनी दी है कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी सुदीश सिंह सिरोही ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस द्वारा चिन्हित किए गए ऐसे व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जा रही है, जो पूर्व में त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने की गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रेड कार्ड जारी करने का उद्देश्य केवल भय उत्पन्न करना नहीं, बल्कि लोगों को कानून का पालन करने के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा, ह्होली खुशियों और भाईचारे का पर्व है। किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग डालने, हुड़दंग करने या माहौल बिगाड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करता है तो उसके सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस द्वारा कस्बे के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील मोहल्लों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार गश्त बढ़ा दी गई है। साथ ही आरएएफ के साथ फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों, संभ्रांत नागरिकों और युवाओं से भी संवाद कर त्योहार को मिलजुल कर मनाने की अपील की है। थाना अध्यक्ष सुधीश सिंह सिरोही ने आम जनता से अनुरोध किया कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है और लोगों में सुरक्षा को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है।



# आकिब ने जेके को खेलों में दिलाई नई पहचान



● **आकिब नबी ने 60 विकेट चटकाए, जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे, और अपनी टीम को चैंपियन बनाया**

**श्रीनगर, वार्ता।** 'आकिब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान', ए जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आकबि नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे। नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया। छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफी की पहली कैप थमाई थी। रसूल ने आखिरी बार 2022 में जम्मू-कश्मीर के लिए खेला था, लेकिन उनका दिल आज भी खिलाड़ियों के लिए धड़कता है। उन्हें शनिवार को कुछ काम के लिए अपने होमटाउन से श्रीनगर जाना था। उन्हें यह नहीं पता था कि मैच कब समाप्त होगा तो विजई लम्हों को मिस न करने के लिए वह काफी जल्दी ही घर से निकल गए थे। रसूल वर्तमान समय में जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल में कोचिंग कर रहे हैं। अपने एक दशक से भी लंबे करियर और आईपीएल से हुई कमाई से उन्होंने अपने होमटाउन में साउथ कश्मीर क्रिकेट अकादमी बनाई है। लगभग दो सप्ताह से वह अपनी अकादमी के बच्चों से यही सुन रहे हैं कि वे भी नबी जैसी गेंदबाजी करना चाहते हैं। जब हमने सुना कि जम्मू-कश्मीर के एक खिलाड़ी को इतनी शोहरत मिल रही है तो ए काफी शानदार बात थी। आकिब ने हमें गर्व महसूस कराया है और उनके परिवार को भी गर्व है। उन्होंने और पूरी टीम ने मिलकर हमारे राज्य को खेलों में नई पहचान दिलाई है। मुंबई में इरफान पठान को बहुत सारे लोगों से बधाई मिल रही है। वह फिलहाल टी-20 विश्व कप में कमेंट्री कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने हुबली में खेले गए फाइनल पर करीबी निगाह रखी थी। 2019-20 में पठान को जम्मू-कश्मीर क्रिकेट संघ ने मेंटॉर बनाया था। उनके वहां रहते हुए अब्दुल समद और नबी समेत कई टैलेंटेड युवा खिलाड़ियों ने अपना प्रथम श्रेणी डेब्यू किया। उन्होंने युवा रसिख डार को भी काफी समर्थन दिया जो बाद में उम्र से छेड़छाड़ वाले मामले में बैन भी हुए थे। जम्मू-कश्मीर में लाल मिट्टी की पिचों की कमी होने के कारण पठान को अलग तरह सोचने पर मजबूर होना पड़ा। ऑफ सीजन में वह पूरी टीम को ट्रेनिंग के लिए बड़ौदा लेकर चले गए। भले ही पठान चले गए, लेकिन मैनेजमेंट ने उनके द्वारा किए गए कामों की सराहना की और उसको आगे बढ़ाते रहे। पठान ने कहा कि मुझे जम्मू-कश्मीर क्रिकेट को छोड़े हुए पांच साल हो गए, लेकिन ए जीत काफी व्यक्तिगत लगती है। मुझे याद है कि जब मैं पहली बार वहां गया था तो रसिख अपने छह और कजिन्स के साथ ट्रॉयल पर आया था और उसने कहा था कि ए सब भी मेरी तरह खेलना चाहते हैं। वह मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल सीजन बिताकर आ रहा था। यदि एक इंसान के आईपीएल में खेलने का ए प्रभाव था तो सोचिए जम्मू-कश्मीर के रणजी ट्रॉफी जीतने का क्या असर होगा? ए उन्हें एक पहचान देगी। मैंने भारतीय क्रिकेट सिस्टम को एक टीम के लिए इस तरह एकजुट होते नहीं देखा है जैसा कि वे जम्मू-कश्मीर के लिए हुए। ए टीम इसकी हकदार है। जम्मू में फारुख मोहम्मद को भरोसा नहीं हो रहा है कि उनका बेटा रणजी चैंपियन है।

# हीली ने 98 गेंदों में ठोके 158 रन

● **ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 7 विकेट पर 409 रन का जबरदस्त स्कोर बनाया, भारत को 224 पर ढेर किया**

**होबार्ट, वार्ता।** एलिसा हीली ने अपनी आखिरी इनिंग्स में रविवार को 98 गेंदों पर शानदार 158 रन बनाकर वनडे क्रिकेट को एक परीकथा जैसा अलविदा कहा, जबकि बेथ मूनी ने नाबाद सेंचुरी बनाई, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 7 विकेट पर 409 रन का जबरदस्त स्कोर बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 45.1 ओवर में 224 रन पर ढेर कर मुकाबला 185 रन से जीत लिया और सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया। हीली को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।



लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की तरफ से स्नेह राणा ने सर्वाधिक 44 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 रन बनाए।

# श्रीलंका के हेड कोच का पद छोड़ेंगे सनत जयसूर्या

**पल्लेकेले, वार्ता।** सनत जयसूर्या ने श्रीलंका पुरुष टीम के हेड कोच पद से हटने का फैसला कर लिया है।

उन्होंने यह निर्णय पाकिस्तान के खिलाफ श्रीलंका की बेहद करीबी हार के बाद सार्वजिनक किया, जिसके साथ ही टीम का विश्व कप सफर भी खत्म हो गया। हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर अभी तक श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) को इसकी सूचना नहीं दी है, लेकिन उनका कहना है कि वह पहले ही तय कर चुके थे कि यह विश्व कप इस भूमिका में उनका आखिरी असाइनमेंट होगा। जयसूर्या ने कहा कि मुझे लगा कि अब यह जिम्मेदारी किसी और को देने का वक्त आ गया है। इसीलिए लगभग दो महीने पहले इंग्लैंड सीरीज के दौरान मैंने कहा था कि इस नौकरी में लंबे समय तक बने रहने की मुझे उम्मीद नहीं है। तब तक मैं यह फैसला कर चुका था।













## चेन्नई सुपरकिंग्स के प्री-सीजन कैंप में धोनी भी हिस्सा लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स रविवार (1 मार्च) से अपनी आईपीएल की तैयारी शुरू करेगी। मैनेजमेंट ने कन्फर्म किया है कि 24 घंटे में एक कैंप शुरू होगा और सभी भारतीय खिलाड़ी इसके लिए इकठा होंगे। सीएसके के स्टार खिलाड़ी एमएस धोनी भी कैंप का हिस्सा होंगे। फ्रेंचाइजी के सीईओ काशी विश्वनाथन ने शनिवार (28 फरवरी) को क्रिकबज को बताया कि हां, मैं कन्फर्म कर सकता हूं कि हमारा कैंप कल शुरू होगा और एमएस भी इसका हिस्सा होंगे।



































Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# लो हो गया हमला

आखिर वही हुआ जिसकी आशंका व्यक्त की जा रही थी। शनिवार को इजरायल व अमेरिका ने ईरान पर सीधे हमला कर दिया। जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई सहित 30 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसमें ईरान के सेना प्रमुख भी शामिल हैं। खबर तो यह भी आ रही है कि इस हमले में खामेनेई के दामाद, बेटी, पोती भी मारी गए हैं। अमेरिका इजरायल जहां इस कार्रवाई को बड़ी कामयाबी बता रहे हैं और कह रहे हैं कि उन्होंने एक क्रूर तानाशाह का अंत किया है, वह ईरानी जनता को आजादी दिलाने की बात भी कह रहे हैं, तो वहीं ऐसे देशों की भी कमी नहीं है जो अमेरिका इजरायल की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए इसकी निंदा कर रहे हैं और इसको हमला नहीं बल्कि हत्या बता रहे हैं। जाहिर है, खामेनेई की मौत ने हालात को बद से बदतर बना दिया है। दोनों तरफ से हवाई हमले हो रहे हैं। इजरायल अमेरिका जहां लड़ाकू विमानों से हमले कर रहे हैं तो वहीं ईरान ताबड़तोड़ अपनी मिसाइलों का प्रदर्शन कर रहा है। उसकी मिसाइलों की जद में करीब 8 से अधिक देश आ चुके हैं। जिसमें मिडिल ईस्ट के दुबई, कतर, सऊदी, ओमान, बहरीन, इजरायल जैसे देश हैं। निश्चित रूप से जिस तरह की कार्रवाई ईरान ने अब तक की है, उससे इजरायल व अमेरिका जरूर सक्ते में आए होंगे, क्योंकि दूसरे विश्वयुद्ध के बाद यह पहला अवसर है, जब अमेरिकी सैन्य बेस पर सीधे किसी देश ने हमला किया। युद्ध बराबर जारी है और दोनों तरफ से नुकसान की भारी खबरें आ रही हैं। हालात किधर जाएंगे, कहना मुश्किल है। मुश्किल इसलिए भी कि आज दुर्भाग्य से दुनिया में कोई भी ऐसी संस्था नहीं है जो दो देशों के विवादों को नियंत्रित कर सके। जो संस्था इसलिए बनाई गई थी कि वह आगे युद्ध नहीं होने देगी और दूसरे विश्वयुद्ध से सबक लेते हुए आपसी बातचीत से ही देशों के बीच मतभेदों को हल कराएगी, वह विश्व संस्था आज पंगु बन चुकी है। हर कोई जानता है कि अब संयुक्त राष्ट्र के पास न नैतिकता बची है और न ही किसी तरह की कोई शक्ति है। नतीजा सामने है जिसकी मरजी में जो आ रहा है वह कर रहा है। बड़े मुल्क छोटे देशों को धड़ल्ले से दबा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प तो तमाम हदों को पार करते दिखाई दे रहे हैं, उन्होंने हाल ही में कैसे वेनेजुएला के राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर अपने देश ले आए और अब ईरान में सरकार बदलने की तैयारी हो रही है। यह खुली गुंडागर्दी नहीं तो और क्या है। अगर समय रहते इन सब बातों का हल नहीं निकला, तो दुनिया अराजकता के घोर अंधकार में चली जाएगी। जहां जिसकी लाठी उसी का राज कहावत चरितार्थ होगी, पहले से ही रूस-यूक्रेन, इजरायल-फलस्तीन जैसे युद्धों की कमी नहीं थी अब ईरान-अमेरिका/इजरायल उलझते दिखाई दे रहे हैं। जाहिर है, दुनिया इस समय वास्तव में बारूद के ढेर पर बैठी है।

## संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या



अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव तथा खाड़ी देशों का घटनाक्रम आपत्तिजनक है, खुद को लोकतांत्रिक दुनिया का नेता बताने वाले देशों द्वारा संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और उनकी कार्रवाई में निर्दोष लोगों की मौत हो रही है, इस तरह की कार्रवाई किसी भी परिस्थिति में उचित नहीं ठहराई जा सकती है, इस संघर्ष में कई देशों का घसीटा जाना बेहद दुखद है और इससे वैश्विक अस्थिरता बढ़ेगी, दुनिया को और अधिक अनावश्यक युद्धों की नहीं, बल्कि शांति और संवाद की आवश्यकता है, आंख के बदले आंख पूरे विश्व को अंधा बना देती है, विश्व नेतृत्व को प्रतिशोध की राजनीति छोड़कर शांति और मानवता के मार्ग पर चलना चाहिए, प्रधानमंत्री मोदी प्रभावित देशों में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित देश लाने के लिए हरसंभव प्रयास करें। **-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव और सांसद**

# न्यूट्रिशनल लेवल देखकर करें खाने-पीने की चीज़ों का इस्तेमाल

अमेरिका और यूरोप समेत विश्व के अधिकांश देशों ने कई साल पहले जिस खतरनाक ट्रांस फैट पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी थी। उस फैट का हमारे यहां अभी भी वनस्पति और रिफांइड तेलों में भरपूर प्रयोग हो रहा है। इस वजह से देश में हृदय, मधुमेह, अल्जाइमर, कैंसर आदि घातक बीमारियां तेजी से पैर पसार रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ट्रांस फैट को हमारे शरीर को दिनभर में मिलने वाली ऊर्जा का एक प्रतिशत हिस्सा से कम रखने की अनुशंसा की है। गैर सरकारी संस्था सेंटर फॉर साइंस एडं इनवायरमेंट (सीएसइ) ने वर्ष 2012 में 30 ब्रांडेड तेलों पर अनुसंधान करके बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया था।

सीएसई ने इन तेलों का अपनी प्रयोगशाला में परीक्षण करके कहा था कि हमें रसोई के तेल से धीमा जहर मिल रहा है और हम हर रोज खतरनाक बीमारियों की गिरफ्त में जा रहे हैं। इस संस्था ने इन तेलों में डेनमार्क के अंतर्राष्ट्रीय मानक दो प्रतिशत से कहीं अधिक पांच से 23 प्रतिशत तक ट्रांस फैट की मौजूदगी की पुष्टि की थी। सीएसई की इस पहल के बाद भारतीय खाद्य एवं सुरक्षा मानक प्राधिकरण (एफसएएसएआई) ने तेल कंपनियों के लिए भार से 10 प्रतिशत से कम ट्रांस फैट का मानक तय किया और इस वर्ष फरवरी तक इसे पांच प्रतिशत लाने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। सीएसई के खाद्य एवं सुरक्षा डिविजन के प्रोग्राम मैनेजर अमित खुराना ने बताया कि सरकार ने ट्रांस फैट के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया है कि इसे पांच प्रतिशत पर लाना है, लेकिन देखिए कब तक इसे अमल में लाया जाता है। दस से पांच प्रतिशत पर लाए जाने का सरकार का कदम स्वागत योग्य है। इससे हमारे स्वास्थ्य पर काफी फर्क पड़ेगा, लेकिन भविष्य में इसे नीयर जीरो लाना होगा। हमारी मांग है कि खाद्य पदार्थों की पैकेजिंग पर इसकी लेबलिग होनी चाहिए। साफ-साफ अक्षरों में सेचुरेटेड और ट्रांस फैट की मात्रा के बारे में उल्लेख होना चाहिए। हमने बाजार में मौजूद कई नामी-गिरामी कंपनियों के खाद्य तेलों पर अध्ययन किया था और उनमें स्वास्थ्य के लिए बेहद घातक ट्रांस फैट की मौजूदगी पांच से 23 गुना अधिक पाई थी। वर्ष 2012 में हमारे अध्ययन के बाद एफएसएसएआई ने वर्ष 2013 में ट्रांस फैट का लेबल 10 प्रतिशत करने और वर्ष 2015 तक इसे पांच प्रतिशत करने के बारे में नोटिफिकेशन जारी किया था। फिलहाल यह लेबल 10 प्रतिशत है, लेकिन पांच प्रतिशत के लेबल की समय सीमा को बढ़ा कर इस वर्ष फरवरी तक कर दिया गया है। उम्मीद है इस पर गंभीरता से अमल किया जाएगा। सीएसई निदेशक ने कहा है कि पी गोपीचंद राष्ट्रीय हीरो इसलिए नहीं हैं कि उन्होंने दो ओलंपिक मेडलिस्ट, साइना नेहवाल और पीवी सिंधु को तैयार किया है। वह इसलिए आदरणीय और सम्मानीय हैं कि सॉफ्ट ड्रिंक के लिए विज्ञापन करने से मना करने वाले वह इकलौते स्पोर्ट्स मैन हैं। उनके अनुसार दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2014 में एफएसएसएआई से जंक फूड और प्रसिद्ध हस्तियों से अस्वस्थ्यकर खाद्य एवं पेय पदार्थों के बारे में विज्ञापन के संबंध में गाइडलाइंस तैयार करने को कहा था, लेकिन इस दिशा में कहां कुछ हुआ है। ब्रांड लॉबी की कोशिश होती है कि इस तरह की कोई अच्छी चीज अमल में नहीं आए। स्पेन में बडविग प्रोटोकॉल के तहत कैंसर के खिलाफ वैकल्पिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र का संचालन करने वाले डॉक्टर ने कहा कि मानवीय हितों के लिए अद्वितीय काम करने वाली सीएसई ने केवल भारत की जनता की आंखें ही नहीं खोल दीं बल्कि कुंभकर्ण की नींद सो रहे एफएसएसएआई को भी झकझोर कर उठा दिया है।





डा. ने कहा कि आपकी सरकार को जागना ही होगा और अपने लोगों की रक्षा करनी ही होगी, क्योंकि एक देश मुट्ठीभर कंपनियों से नहीं, एक-एक नागरिक को मिलाकर बनता है और देश का स्वास्थ्य हर हाल में सर्वोपरि है। उन्होंने बताया कि दिल की बीमारियों समेत कई गंभीर रोगों के लिए जिम्मेदार ट्रांस फैट पर पूरी तरह रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे देश में स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन फूड सिक्योरिटी एडं न्यूट्रीशन एजेंसी ने वर्ष 2009 में विधेयक का प्रारूप तैयार किया और कानून लाकर देश के बाजार में ट्रांस फैट का मानक अधिकतम दो प्रतिशत तय किया गया है। मेरी इच्छा है कि इस पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर की प्राकृतिक चिकित्सा की खोज करने और इसके बाद इस बीमारी से जूझ रहे कई लोगों को नई जिंदगी देने वाली जर्मनी की डाक्टर ने कई साल पहले ने घोषणा कर दी थी कि ट्रांस फैट हमारी सेहत का बड़ा दुश्मन है। लेकिन तेल कंपनियों और सरकार की मिलीभगत के कारण इस पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया गया। दुख की बात है कि आज हमारी हैल्थ केयर सर्विसेज हैल्थ इंडस्ट्री बन चुकी हैं। आज इनका सिद्धांत है कि पहले बीमार करो फिर उपचार करो और दोनों से कमाओ। पहले 50 रुपये की लागत से बना पिज्जा 500 रुपये में खिलाएंगे और जब हमें कैंसर या कोई दूसरा रोग हो गया तो मुट्ठीभर दवा के हजारों और लाखों वसूलेंगे। उन्होंने कहा कि ट्रांस फैट टॉक्सिक, अखाद्य और कृत्रिम फैट है। इसे सस्ते तेलों का आंशिक हाइड्रोजिनेशन करके फैक्ट्री में बनाया जाता है। प्राकृतिक तेल और जीव-वसा में प्राय: यह फैट नहीं होता है। यह देखने में घी और मक्खन की तरह होता है और इसकी शेल्फ लाइफ बहुत अधिक होती है, यानि इसमें बने व्यंजन अधिक देर तक चलते हैं। इसको बनाने में लगात भी कम आती है। इसलिए यह बेकरी, हलवाई और प्रोसेस्ड फूड निर्माताओं का मनपंसद फैट है। घरों में इस्तेमाल होने वाले रिफाइंड ऑयल और वनस्पतियों में भी यह फैट होता है। जानी-मानी कंपनियों के नमकीन चिप्स, बर्गर, छोले भटूरे, समोसा, कचौड़ी, पकौड़ी, कैंडी, पिज्जा, चॉकलेट, आइसक्रीम आदि में भारी मात्र में ट्रांस फैट पाया जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जल से भी संभव है बीमारियों का इलाज!

**हमारे फेफड़ों से बाहर निकाली गई सांस के रूप में, मलाशय से मल के रूप में तथा मूत्र के रूप में पानी ही बाहर निकलता है। जल ही शरीर के सभी अंगों के विषैले तत्व ढोकर बाहर निकालता है। फेफड़े, त्वचा, आंतें, आमाशय, गुर्दे तथा हृदय अपना-अपना काम करने के लिए जल की शक्ति पर ही निर्भर रहते हैं। जल केवल अपशिष्ट पदार्थों को शरीर से निकालने का ही कार्य नहीं करता अपितु यह एक अनिवार्य जीवन तत्व भी है। इसके बिना जीवित नहीं रह सकते। शरीर में जल की अत्यधिक कमी से डिहाइड्रेशन हो सकता है और रोगी की मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए उल्टी या दस्त के जरिए शरीर से अत्यधिक जल निकलने की स्थित मिंं तुरंत जल की आपूर्ति बढ़ाई जानी चाहिए। भोजन करने से पहले कभी पानी नहीं पीना चाहिए परंतु यदि प्यास ज्यादा हो तो एक-दो घूंट पानी पिया जा सकता है। परंतु अधिक पानी पीने से पेट की भूख शांत हो जाती है।**

क्षिति, जल, पावक, गगन, समीर पंचतत्व हैं, जिनसे हमारा शरीर बना है। हमारे जीवन में जल के महत्व से सभी परिचित हैं। जल की संरचना में दो भाग हाइड्रोजन और एक भाग ऑक्सीजन का योगदान होता है। छह प्रकार के रसों, मधुर, कटु, अम्ल, लवण, कषाय तथा तिक्त के स्वाद का अनुभव हम जल के कारण ही कर पाते हैं। थकावट, सुस्ती, बेहोशी, नींद और कोष्ठ बद्धता को दूर करने में जल की भूमिका किसी से भी छिपी नहीं है। स्नान करने पर यह शरीर को निर्मल और तरोताजा बनाता है। यह शरीर के भीतर-बाहर के सभी दोषों को दूर कर देता है हाइड्रोपैथी अर्थात पानी से उपचार में सोच समझ कर पानी का इस प्रकार प्रयोग किया जाता है कि विभिन्न शरीर के भागों जैसे आमाशय, छोटी आंत, बड़ी आंत, मूत्राशय, मलाशय आदि में जमे दोषों को शरीर से निकाल देता है। कोष्ठ बद्धता 'कब्ज) जो अनेक रोगों की जननी है, के निराकरण के लिए जल-चिकित्सा सबसे अच्छा उपाय है। संसार की प्राचीनतम पुस्तक ऋग्वेद में भी जल की महत्ता का वर्णन किया गया है। इसमें जल को औषधि तथा समस्त रोगों का नाशक कहा गया है। हमारे शरीर में लगभग 70 प्रतिशत जल है। जल का सबसे प्रमुख कार्य हमारे शरीर को कठोर बनाना है। हर एक बदलते मौसम के अनुरूप शरीर को ढालने के लिए जल के गुणों का विभिन्न प्रकार से लाभ उठाया जा सकता है। नंगे पैर फर्श पर या गीली ओस पर सैर करने से हमारे मस्तिष्क और आंखों में विशेष तरावट पहुंचती है और शरीर को अभूतपूर्व शांति का अहसास होता है। नंगे पैरों गीले पत्थरों पर चलने से शरीर में उपस्थित अनावश्यक गर्मी खत्म हो जाती है। जिन लोगों को पैरों के तलुओं में (बर्निंग सैन्सैशन) की



शिकायत हो उनके लिए यह सबसे अच्छा उपाय है। पित्तजनित रोगों के निदान के लिए शीतल जल में चलना लाभकारी हो सकता है। ठंडे जल से हाथ मुंह धोने तथा बर्फबारी के तुरंत बाद बर्फ पर चलने से शरीर को चैतन्य की प्राप्ति होती है, उसमें चुस्ती-फुर्ती आ जाती है। इसी प्रकार घुटनों, सिर और गर्दन पर शीतल जल का धारापात भी स्वास्थ्यवर्धन का अचूक साधन है। क्योंकि जल का सबसे बड़ा गुण यही है कि यह संपर्क में आते ही शीघ्रता से उसकी उष्णता सोख लेता है। नंगे पैर चलने का धारापात की अवधि का निर्णय आप स्वयं ही कर सकते हैं। स्वस्थ शरीर के लिए भोजन और व्यायाम के साथ-साथ स्नान को भी महत्वपूर्ण माना गया है। दैनिक स्नान का महत्व इसी बात से स्पष्ट है कि भारतीय धर्मग्रन्थों में स्नान को नित्य कर्तव्य माना गया है। गर्मियों में प्रात: व सायं दो बार स्नान करना चाहिए। शीतकाल में एक बार स्नान करना अति आवश्यक है। जो व्यक्ति शीतकाल में प्रतिदिन नहीं नहाते उन्हें कई रोग आ घेरते हैं। साथ ही उनका स्वभाव भी चिड़चिड़ा हो जाता है। जिस प्रकार पेशाब के द्वारा शरीर से क्लोराइडस तथा नमक आदि निकल जाते हैं, उसी प्रकार शरीर के भीतर के दूषित अम्ल तथा अन्य अपशिष्ट द्रव्य हमारी त्वचा पर बने रोमकूपों से पसीने के रास्ते निकल जाते हैं। प्रतिदिन शरीर को जल से धोया जाना चाहिए अन्यथा पसीने के साथ निकले पदार्थों से रोमकूप बंद हो जाएंगे, इससे पसीना निकलने का मार्ग अवरुद्ध हो जाएगा, जिससे शरीर के भीतर के विषैले पदार्थ रक्त में मिल जाएंगे और अनेक प्रकार के रोग आ घेरेंगे। जल की कितनी मात्रा का उपयोग किया जाए यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपके शरीर की प्रकृति कैसी है ठंडी अथवा गर्म। इसके अतिरिक्त आदत, उम्र, समय तथा शारीरिक स्वास्थ्य का स्तर भी प्रयोग किए जाने वाले जल की मात्रा को प्रभावित करता है। गर्मियों में ताजे, ठंडे, निर्मल जल का प्रयोग करना चाहिए जबकि सर्दियों में या शीत ऋतु में सहन करने योग्य गर्म जल का प्रयोग किया जाना चाहिए।

# केजरीवाल संबंधी निर्णय : संकेत, संदेश व सियासत



तनवीर जाफरी

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पिछले दिनों विवादित दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने सीबीआई द्वारा अदालत में पेश किए गए सबूतों को कमजोर और अपर्याप्त बताया और कहा कि आरोपियों की कोई आपराधिक साजिश या इरादा साबित नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि केवल दावे पर्याप्त नहीं होते बल्कि ठोस सबूत होने भी जरूरी हैं। अदालत ने कहा कि चार्जशीट में खामियां हैं और कोई साक्ष्य भी नहीं मिला। इस अदालती फैसले के बाद राजनैतिक हल्कों में हलचल तेज हो गई है। गौरतलब है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने नवंबर 2021 में नई आबकारी नीति लागू की थी। इस नीति का उद्देश्य शराब की बिक्री का निजीकरण कर ग्राहक सुविधा बढ़ाना और शराब की काला बाजारी रोकना बताया गया था। परन्तु जुलाई 2022 में मुख्य सचिव की रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियां , मनमाने फैसले और 500 करोड़ से अधिक का नुक्सान बताते हुए दिल्ली के तत्कालीन एल जी, वी के सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की।

उस समय केंद्र सरकार की अधीनस्थ संस्थाओं सीबीआई और ईडी द्वारा यह आरोप लगाया गया कि दिल्ली सरकार के तत्कालीन आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा इस नई आबकारी नीति को निजी शराब कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए तैयार किया गया था। जिसमें 100 करोड़ के कैशबैक आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को मिले। तत्कालीन मुख्य मंत्री



अरविन्द केजरीवाल को इस पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता बताया गया। इसके बाद जुलाई 2022 में एलजी की सिफारिश से ही अगस्त में सीबीआई व ईडी द्वारा केस रजिस्टर्ड किया गया तथा सितंबर में नई आबकारी नीति रद्द कर दी गई । इसी के बाद फरवरी 2023 में मनीष सिसोदिया को और मार्च 2024 में केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया।

अब जहां संबंधित अदालत द्वारा केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया हैं वहीं खबर यह भी है कि निचली अदालत के इस फैसले को चुनौती देने हेतु सी बी आई संभवत: हाई कोर्ट का रुख कर सकती है। बहरहाल इस अदालती फैसले के बाद विपक्ष एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमलावर है। क्योंकि मोदी सरकार के दौरान ही अरविंद केजरीवाल के अलावा और भी कई विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों ने कार्रवाई करने की कोशिश की। इनमें गिरफ्तारियां भी हुईं, परन्तु अधिकांश मामलों में या तो जमानत मिली या मामले डिस्चार्ज हुए या फिर उन्हें अदालत से राहत मिली। उदाहरण स्वरूप झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हेमंत सोरेन को 2024 में ईडी द्वारा लैंड स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में गिरफ्तार किया गया। उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देकर जेल जाना पड़ा। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2026 में ईडी की कार्यवाही पर स्टे लगा दिया और वे रिहा होने के बाद पुन: मुख्यमंत्री बने। इसी तरह कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विरुद्ध ईडी ने डन्व। स्कैम में हाईकोर्ट ने जांच की मंजूरी तो दे दी परन्तु लोकायुक्त ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। यूंही कभी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को ईडी द्वारा 466 करोड़ का FEMA नोटिस जारी किया गया व कई कारण बताओ नोटिस जारी किए गए परन्तु अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हो सकी। इसी तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव,डी शिवकुमार,पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जैसे और भी कई नेताओं से ई डी व सी बी आई पूछताछ कर चुकी है। पिछले दिनों हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी पंचकूला के एजेएल जमीन आवंटन मामले में पंजाब/हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा हुड्डा के खिलाफ आरोप तय किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया है और उन्हें क्लीन चिट दे दी।

इसके आधार पर आरोप तय करने के सीबीआई कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया गया परन्तु केंद्र सरकार के अधीनस्थ कार्यरत ईडी, सी बी आई या आयकर जैसे विभाग विपक्षी नेताओं पर कोई न कोई आरोप मढ़कर उन्हें न केवल परेशानियों में डाल देते हैं बल्कि इस तरह के आरोपों से उनके राजनैतिक चरित्र को भी दागदार बनाने की पूरी कोशिश करते हैं। और सही मायने में जो वास्तव में भ्रष्ट होते हैं वे तो आनन-फानन में दल बदल कर भजपाई वाशिंग मशीन से गुजरकर चरित्रवान होने का प्रमाण पत्र हासिल कर लेते हैं और भय वश उपजी इस प्रीत के बदले में उन्हें कहीं मुख्यमंत्री तो कहीं उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद या अन्य उच्च पदों पर सुशोभित कर दिया जाता है। आंकड़े यूंही नहीं बताते कि ईडी ने 2014 से लेकर अब तक करीब 121 प्रमुख नेताओं पर मामले रजिस्टर्ड किए इन में 95 प्रतिशत विपक्षी नेता थे। और 2015 से 2025 तक ईडी द्वारा दर्ज 193 मामलों में केवल 2 ही दोष सिद्धियां हुईं। शेष अधिकांश मामलों में या तो अदालत ने आरोपियों को राहत दी या फिर सुबूतों के अभाव में मामले कमजोर पड़ गए। जहां तक केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के बाद उपजी सियासत का सवाल है तो जहां अदालती फैसला आते ही विपक्ष एकजुट होकर केजरीवाल के साथ खड़ा नजर आ रहा था वहीं केजरीवाल का बिलख बिलख कर रोते हुए मीडिया के सामने पेश होकर अपनी बेगुनाही का सुबूत देना चाह रहे थे और हद तो तब हो गई जबकि उसी दिन बुलाई गई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वे उन्हें जेल भेजने वाली भाजपा से भी ज़्यादा कांग्रेस पर ही निशाना साधते नजर आए। सत्ता से सवाल पूछने के बजाए वे यह कहते सुनाई दिए कि केजरीवाल जेल गया, क्या रॉबर्ट वाड्रा जेल गए? संजय सिंह जेल गए, क्या राहुल गांधी जेल गए? मनीष सिसोदिया जेल गए, क्या सोनिया गांधी जी जेल गईं? कांग्रेस किस मुंह से बात करती है, शर्म नहीं आती? जाहिर है यह केजरीवाल की राजनीतिक बयानबाजी का ही एक हिस्सा था, जिससे विपक्षी एकता कमजोर हुई। क्योंकि अब कांग्रेस भी पूछ रही है कि 30 से अधिक मामलों से जूझने वाले राहुल की आंखों में कभी आंसू नहीं आए तो केवल एक मामले का सामना करने में केजरीवाल का इसतरह मीडिया के सामने रोने का क्या अर्थ है? केजरीवाल के कांग्रेस विरोधी बयान को राजनैतिक विश्लेषक पंजाब, उत्तराखंड, गोवा व गुजरात में होने वाले आगामी चुनावों से जोड़कर भी देख रहे हैं। और इसे आप व भाजपा की कांग्रेस विरोधी संयुक्त रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं। यही वजह है कि केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के संकेत इसके सन्देश और इसके पीछे की सियासत आदि सभी पहलुओं को बहुत बारीकी से समझने की जरूरत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अफगानिस्तान ने बगराम एयरबेस पर पाकिस्तानी हवाई हमले को किया नाकाम

**काबुल।** पाकिस्तानी सेना ने रविवार सुबह बगराम एयरबेस पर हमला करने की कोशिश की लेकिन देश की रक्षा प्रणाली ने इसे नाकाम कर दिया।

पझवोक अफगान न्यूज के हवाले से यह जानकारी दी गई है। प्रांतीय पुलिस मुख्यालय ने कहा कि सुबह करीब 5:00 बजे पाकिस्तानी सेना के कई जेट विमानों ने बगराम एयरबेस पर हवाई हमले किए। बयान में कहा गया, ष्बगराम की बहादुर रक्षात्मक और वायु सेना के तुरंत जवाब से दुश्मन की हरकतों को बेअसर कर दिया गया और एक जरूरी तथा निर्णायक जवाब दिया गया। अब तक इलाके में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह से सुरक्षा बलों के नियंत्रण में है। पुलिस मुख्यालय ने इस बात पर जोर दिया कि देश के हवाई क्षेत्र और देश की आजादी की रक्षा करना एक बुनियादी और अहम जिम्मेदारी है। अफगानिस्तान के इलाके, लोगों या मूल्यों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई का जवाब सही और निर्णायक तरीकों से दिया जाएगा। गौरतलब है कि 21 फरवरी को पाकिस्तानी सेना ने पक्तिका में एक मदरसे और नंगरहार में रिहायशी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें दस से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 27 फरवरी को अफगानिस्तान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने डूरंड रेखा पर पाकिस्तानी सेना की चौकियों और सैन्य केंद्रों पर जवाबी हमले किए, जिसमें पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान हुआ। पाकिस्तानी और अफगान सेनाओं के बीच झड़पें जारी हैं।

# ओमान के तेल टैंकर पर ईरान का हमला, चपेट में आए 15 भारतीय

**मस्कट।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव अब कई देशों तक फैलता दिखाई दे रहा है। अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई तेज हो गई है और खाड़ी क्षेत्र के अहम समुद्री, हवाई और आर्थिक ठिकाने निशाने पर आ गए हैं। ओमान के समुद्री इलाके से लेकर दुबई, इजरायल के हाइफा बंद. रगाह और सऊदी अरब की राजधानी रियाद तक धमाकों और हमलों की खबरों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को गंभीर चुनौती दे दी है। ओमान के मसंदम तट से करीब पांच नाटिकल मील दूर एक आयल टैंकर पर हमला किया गया। ओमान के मैरिटाइम सिक्योरिटी सेंटर के मुताबिक स्कायलाइट नाम के जहाज को निशाना बनाया गया, जिसमें चार लोग घायल हुए।

# खामेनेई की मौत ने फारस की खाड़ी को बड़े संकट में डाला

## रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या से पूरे क्षेत्र में तनाव और अस्थिरता फैलने का भारी खतरा

नई दिल्ली। अमेरिका-इजरायल के समन्वित सैन्य हमले में ईरानी सर्वोच्च नेता 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत ने पूरे फारस की खाड़ी को बड़े संकट में डाल दिया है। इससे पूरे क्षेत्र में तनाव और अस्थिरता फैलने का भारी खतरा है। मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या ने बड़ा क्षेत्रीय संकट पैदा कर दिया है, जिसके ईरान की आंतरिक स्थिरता के साथ-साथ व्यापक मुस्लिम जगत के लिए विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

■ मुस्लिमों के पवित्र महीने रमजान के दौरान शियाओं के सर्वोच्च नेता की हत्या ने बड़ा क्षेत्रीय संकट पैदा कर दिया है

■ खामेनेई के पास 35 से अधिक वर्षों तक ईरान की सेना न्यायपालिका और विदेश नीति पर निर्णायक अधिकार था

इस हत्या के राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं के अलावा धार्मिक निहितार्थ भी हो सकते हैं। खामेनेई के पास 35 से अधिक वर्षों तक ईरान की सेना, न्यायपालिका और विदेश नीति पर निर्णायक अधिकार था। उनकी मौत से सत्ता में बड़ा शून्य पैदा हो गया है, क्योंकि किसी आधिकारिक उत्तराधिकारी का नाम घोषित नहीं किया गया है। एक अस्थाई शासी परिषद, जिसमें राष्ट्रपति, न्यायपालिका प्रमुख और गार्जियन काउंसिल के एक सदस्य शामिल हैं, ने नया नेता आने तक नियंत्रण संभाल लिया है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीएस) ने गणतंत्र के इतिहास में 'सबसे विनाशकारी आक्रामक अभियान' का संकल्प लिया है। ईरान ने कतर, कुवैत और बहरीन में अमेरिकी ठिकानों और क्षेत्रीय लक्ष्यों के खिलाफ पहले ही जवाबी मिसाइल हमले शुरू कर दिए हैं। यह संकट वैश्विक ऊर्जा बाजारों में उथल-पुथल और अस्थिरता पैदा करने की चेतावनी दे रहा है। हॉर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से समुद्र के रास्ते होने वाले तेल निर्यात का एक तिहाई हिस्सा गुजरता है। वहां किसी भी प्रकार का व्यवधान दुनिया भर में ईंधन की कीमतों में भारी उछाल ला सकता है। ईरान ने पहले ही धमकी दी थी कि अगर उस पर हमला हुआ तो वह हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर देगा। हत्या रमजान में हुई है। यह समय ईरान और वैश्विक प्रतिक्रिया में महत्वपूर्ण धार्मिक आयाम जोड़ता है। इस पवित्र महीने के दौरान अयातुल्ला की हत्या 'बद्र की भावना' (एक ऐतिहासिक इस्लामी जीत का संदर्भ) का आह्वान करती है, जो प्रतिरोध के बजाय पूरे मुस्लिम जगत में एकजुटता और लचीलेपन की भावना जगा सकती है। यह हत्या इमाम अली की शहादत के साथ भी मेल खाती है, जो शियाओं के पहले इमाम और पैगंबर मोहम्मद के दामाद थे। रमजान के दौरान जब वह नमाज पढ़ा रहे थे, तब उन पर हमला हुआ था। विश्व स्तर पर लगभग 20-26 करोड़ शिया हैं, जो दुनिया की मुस्लिम आबादी का 10-15 प्रतिशत हिस्सा हैं। भारत में शियाओं की संख्या 3.5 करोड़ है, जो कुल मुस्लिम आबादी का लगभग 15-20 प्रतिशत है और मुख्य रूप से लखनऊ, हैदराबाद, मुंबई और कश्मीर में केंद्रित हैं। करबला, इराक और जम्मू-कश्मीर में शियाओं के शोक और विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए। जम्मू-कश्मीर (श्रीनगर, बडगाम जिलों) में शिया समुदाय के बीच बड़े पैमाने पर शोक और विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। दुनिया के कुछ हिस्सों में हालांकि शासन-विरोधी ईरानियों ने इसे दशकों के 'धर्मगुरुओं का शासन से मुक्ति' के रूप में मनाते हुए जश्न भी मनाया। भले ही अली खामेनेई की हत्या की व्यापक निंदा हो रही है, लेकिन मुस्लिम जगत विभाजित है। जहां कुछ रमजान के दौरान मारे गए इस नेता को शहीद के रूप में देखते हैं, वहीं अन्य उनकी मौत को ईरानी लोगों के लिए अपने देश पर फिर से दावा करने के अवसर के रूप में देखते हैं। ईरान ने 40 दिनों के शोक काल और सात सार्वजनिक अवकाशों की घोषणा की है, जबकि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय क्षेत्रीय भड़काव का जोखिम उठा रहा है।

# खामेनेई की मौत पर भड़का रूस

## व्लादिमीर पुतिन ने जताई संवेदना, ईरानी राष्ट्रपति को भेजा शोक संदेश, खामेनेई की मौत को हत्या करार दिया

## उत्तर कोरिया ने भी ईरान पर हमलों की निंदा की, हमलों को गैरकानूनी, अक्रामकता व राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया

**मास्को।** अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया। उन्होंने इसे हत्या करार दिया। पुतिन ने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन को भेजे संदेश में कहा, इस्लामी गणराज्य ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या पर मेरी गहरी संवेदना स्वीकार करें। यह मानवीय नैतिकता और अंतर्राष्ट्रीय कानून के सभी नियमों का खुला उल्लंघन है। इस संदेश को क्रेमलिन ने जारी किया है।



■ रूस में खामेनेई की एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा

■ रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा: पुतिन

पुतिन ने आगे कहा कि रूस में खामेनेई को एक बड़े नेता के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रूस और ईरान के संबंधों को मजबूत करने में खामेनेई का अहम योगदान रहा। रूस के वरिष्ठ राजनयिकों ने चेतावनी दी कि अमेरिका और इजरायल के हमले क्षेत्र को परमाणु संकट के कगार पर ले जा सकते हैं और तनाव को और बढ़ा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र में रूस के स्थायी प्रतिनिधि वेसिली नेबेंज्या ने इन हमलों को कूटनीति के साथ विश्वासघात बताया। उन्होंने पश्चिमी देशों के इस तर्क को खारिज किया कि ईरान परमाणु हथियार हासिल करना चाहते था। उन्होंने इसे पूरी तरह बेबुनियाद बताया। नेबेंज्या ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में कहा, कूटनीतिक प्रक्रिया में शामिल होने की इच्छा रखने के बावजूद एक बार फिर तेहरान की पीठ में छुरा घोंपा गया है। ईरान की ओर से इराक और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर की गई जवाबी कार्रवाई का जिक्र करते हुए नेबेंज्या ने कहा कि अमेरिका-इजरायल के हमलों ने क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और यह संघर्ष क्षेत्र से बाहर भी फैल सकता है। रूसी विदेश मंत्रालय ने शनिवार अमेरिका और इजरायल के हमलों की निंदा की। मंत्रालय ने इसे 'जानबूझकर पहले से योजना बनाकर और बिना उकसावे के किया गया सशस्त्र आक्रमण' करार दिया। मंत्रालय ने कहा कि यह हमला उस समय किया गया, जब वार्ता की प्रक्रिया फिर से शुरू हुई थी। मंत्रालय ने चेतावनी दी कि इन हमलों से क्षेत्र मानवीय, आर्थिक और यहां तक कि रेडियोधर्मी आपदा के कगार पर पहुंच सकता है। उत्तर कोरिया ने भी अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमलों की निंदा की है। उसने इन हमलों को 'गैरकानूनी, आक्रामकता' और राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन करार दिया। सरकारी मीडिया कोरिया सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से दी है। प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में अमेरिका का शामिल होना कोई हैरानी की बात नहीं है। उन्होंने अमेरिका के स्वभाव को वर्चस्ववादी और गैंगस्टर जैसा बताया और कहा कि ऐसी कार्रवाई उसी का नतीजा है। बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल की ओर से शुरू किया गया आक्रामकता किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

## ईरान पर नए हमले के लिए इजरायल व अमेरिका को होगा पछतावा: ईरानी सेना

**तेहरान।** ईरानी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ और खातम अल-अंबिया केंद्रीय मुख्यालय ने अमेरिका और इजरायल को चेतावनी दी है कि वे ईरान के खिलाफ इस नई आक्रामकता पर 'पछताएंगे'। रविवार को जारी एक संयुक्त बयान में इस्लामी क्रांति के नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की शहादत पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा गया कि हम अपने नेक राष्ट्र की ताकत, दृढ़ता और समर्थन के साथ देश के दुश्मनों, विशेष रूप से अपराधी अमेरिका और दुष्ट जायोनी शासन को पछताने पर मजबूर कर देंगे। इसमें कहा गया कि दुनिया के स्वतंत्र लोगों के नेता और गुरु ( खामनेई) द्वारा हमारे लिए छोड़ी गई मूल्यवान विरासत, बहादुर और वीर ईरानी राष्ट्र तथा सशस्त्र बलों का मार्गदर्शक बल है। बयान के अनुसार कि हम अपने खून की आखिरी बूंद तक और दुश्मनों के आत्मसमर्पण तक उस बुद्धिमान और प्रभावशाली नेता के मार्ग पर चलते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि शनिवार को तेहरान में खामनेई के आवास पर इजरायल और अमेरिका द्वारा किए गए हमले में वह मारे गए थे।

# अफगान सीमा पर संघर्ष खतरनाक मोड़ पर पहुंचा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच जारी संघर्ष अब खतरनाक मोड़ पर पहुंचता दिख रहा है। दोनों देशों के बीच बढ़ता सैन्य टकराव न सिर्फ क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए चिंता बढ़ा रहा है, बल्कि कूटनीतिक रिश्तों पर भी गंभीर असर डाल सकता है। इसी बीच सीमा पर बढ़ती झड़पों के बीच पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसने हवाई और जमीनी कार्रवाई में 352 अफगान तालि. बान लड़ाकों और उनके सहयोगी आतंकी तत्वों को मार गिराया है। मामले में पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने बताया कि अब तक 352 तालिबान सदस्य मारे गए हैं और 535 घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने 130 सैन्य चौकियों को पूरी तरह नष्ट कर दिया और 26 सीमा चौकियों पर कब्जा कर लिया है। इसके अलावा 171 टैंक और बख्तरबंद वाहन भी तबाह किए गए हैं। पाकिस्तान ने 41 ठिकानों पर सटीक हवाई हमले करने का भी दावा किया है।

# पश्चिम एशिया में भड़की भीषण जंग से दो खेमों में बंटी दुनिया

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में भड़की भीषण जंग ने पूरी दुनिया को दो स्पष्ट कूटनीतिक ध्रुवों में विभाजित कर दिया है। शनिवार सुबह जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने ईरान के मिसाइल उद्योग व उसकी नौसेना को नेस्तनाबूद करने के लिए बड़े सैन्य अभियान की घोषणा की, तो वैश्विक राजनीति की लकीरें और गहरी हो गईं। ईरान में हुए मिसाइल हमलों के बाद वाशिंगटन ने इसे ईरानी शासन से खतरों को खत्म करने का मिशन बताया है।

■ बड़गाम से बर्लिन तक, कहीं खामेनेई के पक्ष, तो कहीं विरोध में सड़कों पर उतरे लोग

इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी इसे अस्तित्व की रक्षा के लिए उठाया गया कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे ईरानी जनता को अपना भाग्य खुद चुनने का अवसर मिलेगा। संघर्ष शुरू होने के बाद भारत के कश्मीर से लेकर जर्मनी व ब्रिटेन तक कहीं इसके विरोध तो कहीं पक्ष में प्रदर्शन हुए हैं। ईरान के हमले की कई इस्लामी देशों ने भी आलोचना की है और अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले का समर्थन किया है। यूक्रेन, कतर, यूएई, बहरीन, कुवैत, सऊदी अरब आदि देशों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। यूएई ने ईरान के हमले को कायराना हरकत करार देते हुए जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखने की बात कही है, जबकि सऊदी अरब ने इसके गंभीर परिणाम भुगतने की चेता. वनी दी है। यूक्रेन ने भी इस तनाव के लिए सीधे तौर पर ईरान के आंतरिक दमन और हालिया महीनों में प्रदर्शनकारियों पर हुई हिंसा को जिम्मेदार ठहराया है। यूरोपीय संघ, जर्मनी, फ्रांस व ब्रिटेन ने ईरान से अंधाधुंध सैन्य कार्रवाई रोकने व वार्ता दोबारा शुरू करने की अपील की।

# खामेनेई की मौत के बाद अमेरिका में विरोध प्रदर्शन व जश्न

**वाशिंगटन।** अमेरिकी और इजरायली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद अमे. रिकी शहरों में लोगों के समूह सड़कों पर उतर आए, जिनमें से कुछ ईरान पर हमलों का जश्न मना रहे थे जबकि अन्य इनके विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। गौरतलब है कि ईरानी सरकारी टेलीविजन ने रविवार को खामेनेई की मौत की पुष्टि की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के अनुसार, शनिवार को अमेरिका द्वारा किए गए मिसाइल हमले में उनकी मृत्यु हुई। लॉस एंजिल्स क्षेत्र में लोग जश्न के संगीत की धुन पर एक-दूसरे को गले लगा रहे थे और नाच रहे थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, खामेनेई की मौत की खबर सुनकर कई लोग भावुक दिखे। प्रदर्शनकारियों को ट्रम्प को धन्यवाद! के नारे लगाते सुना गया।




# इजरायल का हाइफा बंदरगाह सुरक्षित: अदानी पोर्ट्स

**नई दिल्ली।** अदानी पोर्ट्स एंड एसईजेड ने रविवार को कहा कि इजरायल में उसके स्वामित्व वाला हाइफा बंदरगाह सुरक्षित है और वहां काम करने वाले लोगों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। कंपनी ने उस बंदरगाह का परिचालन कर रही अपनी अनुषंगी हाइफा पोर्ट कंपनी के हवाले से एक बयान में कहा कि वहां बंद. रगाह का ढांचा पूरी तरह सुरक्षित है। अदानी पोर्ट के बयान में कहा गया है कि हाइफा पोर्ट कंपनी पुष्टि करती है कि उसके सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं और बंदरगाह की सभी संपत्तियां और बुनियादी ढांचा पूरी तरह से सुरक्षित और परिचालन स्थिति में हैं।

# खामेनेई के बेटे बन सकते हैं ईरान के सुप्रीम लीडर

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद सबसे बड़ा सवाल यह है कि उनकी जगह कौन लेगा। यह सवाल इसलिए भी, क्योंकि ईरान का सुप्रीम लीडर राष्ट्रपति से भी ज्यादा ताकतवर होता है।

■ दो साल से सत्ता संभालने की ट्रेनिंग ले रहे थे, आखिरी फैसला 88 मौलवी करेंगे

ईरान ने अभी नए सुप्रीम लीडर के बारे में कुछ नहीं कहा है, लेकिन सरकारी मीडिया 'फार्स' समेत कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके बेटे मुजतबा खामेनेई इस पद पर चुने जा सकते हैं। उन्हें पिछले 2 साल से सुप्रीम लीडर बनाने की तैयारी चल रही थी। ईरान में सुप्रीम लीडर को 'रहबर' कहा जाता है। 'रहबर' का मतलब है, मार्गदर्शक या रास्ता दिखाने वाला। 88 मौलवियों की असेंबली सुप्रीम लीडर का चुनाव करती है। दुनिया में ईरान और वेटिकन सिटी ही ऐसे देश हैं जहां धार्मिक नेता सबसे ज्यादा ताकतवर हैं। ईरान में सुप्रीम लीडर का दर्जा ठीक वैसा ही है, जैसा वेटिकन में पोप को हासिल है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अपने दूसरे बेटे मुजतबा खामेनेई को साल 2024 में उत्तराधिकारी बनाया था। खामेनेई ने बीमारी के चलते यह फैसला लिया था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक ईरान की एक्सपर्ट असेंबली ने 26 सितम्बर 2024 को ही नए सुप्रीम लीडर का चुनाव कर लिया था। खामेनेई ने असेंबली के 60 सदस्यों को बुलाकर गोपनीय तरीके से उत्तरा. धिकारी पर फैसला लेने कहा था। खामेनेई की मौत के बाद अब मुजतबा सार्वजनिक रूप से सुप्रीम लीडर के दावेदार के तौर पर सामने आ सकते हैं। मुजतबा अपने पिता की तरह ही इस्लामिक मामलों के जानकार हैं। वे पहली बार 2009 में दुनिया की नजरों में आए। उन्होंने ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों को सख्ती से कुचला, जिसमें कई लोग मारे गए। तब राष्ट्रपति चुनाव में कट्टरपंथी नेता महमूद अहमदीने. जाद को सुधारवादी नेता मीर होसैन मौसवी पर जीत मिली थी।

# ईरान ने की राष्ट्रपति ट्रम्प को मारने की कोशिश

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की मौत हो गई है। कल तड़के सुबह इजरायल ने ईरान के कई शहरों और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए। इसी बीच संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में अमेरिका ने बड़ा दावा किया। अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरानी सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को सीधे और प्राक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की।

■ अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में किया बड़ा दावा, ईरानी सरकार ने ट्रम्प को सीधे और प्राक्सी के माध्यम से मारने की कोशिश की

यूएन सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में माइक वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान 47 वर्षों से लगातार 'अमेरिका को मौत' का नारा दे रहा है और इजरायल को समाप्त करने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने ईरान पर अमे. रिका और इजरायल के खिलाफ हमले करने, यूएन चार्टर का उल्लंघन करने और मिडिल ईस्ट में शांति के लिए खतरा पैदा करने का आरोप लगाया। वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान ने ट्रम्प को मारने के प्रयास किए और खुद को पीड़ित बताते हुए अपनी कार्रवाइयों को छिपाने की कोशिश की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की गति. विधियां अमेरिका, उसके सैनिकों, बेस, सहयोगियों और दुनिया भर के पार्टनर्स के लिए खतरा हैं। अमेरिकी-इजरायल आप. रेशन को लेकर अमेरिका ने यूएनएससी में कहा कि यह यूएन चार्टर के आर्टिकल 51 के तहत, देश और उसके सहयोगियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वैध कदम है। वाल्ट्ज ने यह भी बताया कि ईरानी लोग इन हमलों पर शिकायत नहीं कर रहे, बल्कि जश्न मना रहे हैं, शायद वे अपनी आजादी की उम्मीद जता रहे हैं।

